कोटद्वार, रविवार
17 मार्च 2024
वर्षः 45
अंकः 312 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00
RNI-35469/79

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

स्थापित 1979

संस्थापकः स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2021-23 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### जनता की समस्याओं को तत्परता से सुनें अफसर :धामी

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने संबंधित अफसरों को जनता की समस्याओं के जल्द समाधान के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय स्थित मुख्य सेवक सदन में शनिवार दोपहर प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोग मुख्यमंत्री धामी से मिले और उन्हें अपनी समस्याएं बताई। मुख्यमंत्री एक–एक व्यक्ति से मिले और उनकी शिकायतों को गौर से सुनी। उन्होंने कैंप कार्यालय में तैनात अफसरों को निर्देश दिए कि जन समस्याओं के जल्द समाधान के लिए जन शिकायतों को यथाशीघ्र संबंधित विभागों को भेजा जाए।

कहा कि विभागीय अफसरों ने संबंधित शिकायतों और समस्याओं पर क्या एक्शन लिया, इसकी भी जानकारी ली जाए। मुख्यमंत्री धामी ने यह भी निर्देश दिए कि जन समस्याओं का शीघ्रता से समाधान किया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि लोगों को समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े। ज्यादात्तर लोगों ने सड़क, पेयजल, स्वास्थ्य, आर्थिक सहायता एवं अन्य समस्याएं रखी। मुख्यमंत्री ने कहा राज्य सरकार लोगों को घर बैठे ही अधिकांश सेवाएं उपलब्ध कराने के प्रयास किए हैं।

### प्रसिद्ध गायिका अनुराधा पौडवाल भाजपा में शामिल

नई दिल्ली ,चुनाव आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा से पहले प्रसिद्ध गायिका अनुराधा पौडवाल भाजपा में शामिल हो गई हैं। भाजपा राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह, भाजपा राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनिल बलूनी और अन्य नेताओं की मौजूदगी में अनुराधा पौडवाल ने शनिवार को भाजपा का दामन थाम लिया। भाजपा राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने अनुराधा पौडवाल का पार्टी में स्वागत करते हुए कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा का परिवार और बड़ा हो गया है। देश–विदेश में जब भी भक्ति गीत की बात होती है तो अनुराधा पौडवाल से बड़ा कोई और नाम नहीं है। उन्होंने 35 वर्षों से भक्ति गीत गाया है।

अरुण सिंह ने अयोध्या के भव्य राम मंदिर, काशी कॉरिडोर और उज्जैन महाकाल के क्षेत्र सहित कई अन्य कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जिस तरह से देश का सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विकास हुआ है, उससे प्रभावित होकर अनुराधा पौडवाल ने भाजपा में शामिल होने का फैसला किया है और उनके आने से पार्टी और ज्यादा मजबूत होगी।

भाजपा में शामिल होने के बाद अनुराधा पौडवाल ने कहा है कि उन्हें आज खुशी है कि वह आज उन लोगों को जॉइन कर रही हैं, जिनका सनातन से गहरा नाता है। यह उनका सौभाग्य है कि वह आज भाजपा में शामिल हो रही हैं। उन्होंने मीडिया को संबोधित करते हुए एक भजन की कुछ पंक्तियां भी गाईं।

### 1.82 करोड़ वोटर पहली बार डालेंगे वोट, पूरे देश में इतने पुरुष और इतनी महिलाएं वोटर

नई दिल्ली ,लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान करते हुए चुनाव आयोग ने वोटरों की संख्या के बारे में भी अहम जानकारी दी। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने बताया कि देश में पुरुष वोटरों की संख्या 49.7 करोड़ है, जबकि 2019 में यह आंकड़ा 46.5 करोड़ था। दूसरी ओर महिला मतदाता 47.1 करोड़ हैं जो पिछले चुनाव में 43.1 करोड़ थी।

चुनाव आयोग ने बताया है कि मतदाता सूची में लिंगानुपात सकारात्मक रूप से बढ़ा है। उन्होंने बताया कि 85 साल से ज्यादा उम्र वाले जितने वोटर हैं और जो दिव्यांग वोटर्स हैं उनके वोट हम घर जाकर लेंगे। नॉमिनेशन से पहले उनके घर फॉर्म पहुंचाएंगे। इस बारे पूरे देश में यह व्यवस्था एकसाथ लागू होगी। 1.82 करोड़ फर्स्ट टाइम वोट के अधिकार का प्रयोग करेंगे जबकि 18 से 29 साल की उम्र के 19.74 करोड़ वोटर्स हैं।

# उत्तराखंड में 19 अप्रैल को होगी वोटिंग

## 4 जून को काउंटिंग, आचार संहिता लागू

**देहरादून।** चुनाव आयोग ने आज लोकसभा के साथ 4 राज्यों आंध्र प्रदेश, ओडिशा, अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम के विधानसभा चुनावों की तारीखों का ऐलान कर दिया है. देशभर में सात चरणों में लोकसभा चुनाव होंगे. उत्तराखंड में पहले चरण में लोकसभा चुनाव के लिए वोटिंग होगी. उत्तराखंड में 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के लिए वोटिंग होगी. 4 जून को वोटों की काउंटिंग की जाएगी. लोकसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के साथ ही देशभर में आचार संहिता लागू हो गई है.बता दें उत्तराखंड में लोकसभा की पांच सीटें हैं. इन पांच सीटों पर बीजेपी ने कैंडिडेट घोषित कर दिये हैं. बीजेपी ने पौड़ी गढ़वाल लोकसभा सीट से पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल बलूनी को टिकट दिया. टिहरी से बीजेपी ने राजपरिवार का बहू माला राज्यलक्ष्मी शाह पर भरोसा जताया है. राज्यलक्ष्मी शाह तीन बार टिहरी लोकसभा सीट से चुनाव जीत चुकी है.हरिद्वार लोकसभा सीट से बीजेपी ने पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत को चुनावी समर में उतारा है. नैनीताल उधम सिंह नगर सीट पर केंद्रीय मंत्री अजय भट्ट पर भाजपा ने फिर से भरोसा जताया है. अल्मोड़ा पिथौरागढ़ लोकसभा सीट से बीजेपी ने अजय टम्टा को टिकट दिया है. अजय टम्टा 2014 और 2019 में इसी सीट से सांसद चुके जा चुके हैं. वहीं, कांग्रेस ने अभी तीन सीटों पर प्रत्याशी घोषित किये हैं. इसमें पौड़ी गढ़वाल से पूर्व कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल चुनावी मैदान में हैं. टिहरी से कांग्रेस ने जोत सिंह गुनसोला को टिकट दिया है. अल्मोड़ा पिथौरागढ़ सीट पर कांग्रेस ने फिर से प्रदीप टम्टा पर भरोसा जताया है. कांग्रेस ने हरिद्वार और नैनीताल लोकसभा सीट पर कैंडिडेट की घोषणा नहीं की है.बता दें साल 2019 में सात चरणों में लोकसभा चुनाव हुये थे. जिसमें उत्तराखंड में 11 अप्रैल को वोटिंग हुई थी. साल 2019 लोकसभा चुनाव में उत्तराखंड में 64.0% वोटिंग हुई. इस साल पाचों सीटों पर बीजेपी ने जीत हासिल की थी.साल 2019 लोकसभा चुनाव में बीजेपी को 61.01% वोट मिले थे.

## रोडवेज ने कर्मचारियों का महंगाई भत्ता बढ़ाया

देहरादून। रोडवेज प्रबंधन ने अधिकारी और कर्मचारियों का महंगाई भत्ता (डीए) चार फीसदी बढ़ा दिया है। बढ़े हुए भत्ते का लाभ एक मार्च 2024 से मिलेगा। प्रबंधन ने सभी मंडलीय और सहायक महाप्रबंधकों को इसके आदेश कर दिए हैं। शासन के आदेश पर राज्य के सभी विभागों में कर्मचारियों का महंगाई भत्ता बढ़ गया था, लेकिन रोडवेज में अभी तक भत्ता नहीं बढ़ाया गया था, जिस कारण कर्मचारियों में आक्रोश था और लगातार भत्ता बढ़ाने की मांग कर रहे थे।

आखिकार रोडवेज ने भत्ता बढ़ाने के आदेश कर दिए हैं। यह आदेश शनिवार को महाप्रबंधक (संचालन) दीपक जैन ने किए हैं। उन्होंने एक मार्च से सभी कर्मचारी और अधिकारियों का डीए 42 फीसदी से बढ़ाकर 46 फीसदी करने के आदेश दिए हैं। इस आदेश, रोडवेज में कार्यरत तीन हजार से ज्यादा अधिकारी और कर्मचारियों को फायदा मिलेगा।

# संदेशखाली मामले में सीबीआई की कार्रवाई, शाहजहां शेख के भाई समेत तीन गिरफ्तार



कोलकाता। संदेशखाली मामले में सीबीआई का एक्शन लगातार जारी है। अब सीबीआई ने शाहजहां शेख के भाई समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। सीबीआई ने शनिवार को तृणमूल कांग्रेस नेता शाहजहां शेख के भाई समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। सीबीआई अधिकारियों का कहना है कि ह्यइन तीनों पर 5 जनवरी को पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में प्रवर्तन निदेशालय की टीम पर हमला करने का आरोप है।ह्ल सीबीआई ने शाहजहां शेख के भाई शेख आलमगीर, तृणमूल कांग्रेस के संदेशखाली छात्र संगठन के अध्यक्ष मफुजर मुल्ला और एक स्थानीय व्यक्ति सिराजुल मुल्ला को गिरफ्तार किया है। तीनों को जल्द ही कोर्ट में पेश किया जाएगा। सीबीआई ने शाहजहां शेख के भाई समेत तीनों को सवाल जवाब के लिए कस्टडी में लिया है। कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश के बाद सीबीआई ने पश्चिम बंगाल पुलिस द्वारा दर्ज तीन एफआईआर को भी अपने कब्जे में ले लिया है।

### तीनों पर भीड़ को उकसाने का आरोप

अधिकारियों ने बताया कि मामले की जांच और तकनीकी साक्ष्यों को देखते हुए तीनों को सीबीआई ने गिरफ्तार किया। इन तीन गिरफ्तारियों के साथ ही इस मामले में सीबीआई द्वारा पकड़े गए लोगों की संख्या 14 हो गई है। सीबीआई को शक है कि यह तीनों लोग 5 जनवरी को प्रवर्तन निदेशालय की टीम पर हमले के दौरान मौजूद थे और इन्होंने वहां मौजूद भीड़ को उकसाने का काम किया। 5 जनवरी के दिन प्रवर्तन निदेशालय की टीम शाहजहां शेख के संदेशखाली स्थित ठिकानों पर छापा मारने के लिए गई थी।

### सीबीआई कस्टडी में शाहजहां शेख

शाहजहां शेख को 29 फरवरी को 55 दिन की दौड़ भाग के बाद गिरफ्तार किया गया था। शेख पर संदेशखाली में महिलाओं से यौन उत्पीड़न और जमीन हड़पने का आरोप है। प्रवर्तन निदेशालय की टीम पर हुए हमले के बाद से शाहजहां शेख फरार हो गया था। शाहजहां शेख के फरार होने के बाद राज्य की सीआईडी ने जांच अपने हाथों में ले ली थी। इसके बाद कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश के बाद मामला सीबीआई को सौंपा गया था। 10 मार्च को कोर्ट ने शाहजहां शेख को चार दिन के लिए सीबीआई कस्टडी में भेजा था। इसके बाद कस्टडी को आठ दिन के लिए बढ़ाया गया। सीबीआई ने 5 जनवरी की घटनाओं से जुड़े तीन मामलों की जांच अपने हाथ में ले ली हैं। जब लगभग एक हजार लोगों की भीड़ ने प्रवर्तन निदेशालय की टीम पर हमला किया था।

# 1 करोड़ से अधिक लोग पीएम–सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना से हुए लाभान्वित : पीएम मोदी



नई दिल्ली , प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि जब से पीएम सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना की शुरुआत हुई है, तब से लेकर अब तक इस योजना के अंतर्गत 1 करोड़ से भी अधिक लोग अपना पंजीकरण करवा चुके हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने एक्स हैंडल पर कई पोस्ट किए। जिसमें उन्होंने बताया कि देश के विभिन्न भागों में इस योजना के अंतर्गत पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है। असम, बिहार, गुजरात, महाराष्ट्र, ओडिशा, तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश से अब तक 5 लाख लोग इस योजना का फायदा उठाने के लिए पंजीकरण करवा चुके हैं।

पीएम मोदी ने कहा, अब तक जिन लोगों ने इस योजना का फायदा उठाने के लिए रजिस्ट्रेशन नहीं कराया है, उन्हें भी रजिस्ट्रेशन करा लेना चाहिए।

उन्होंने कहा, "यह योजना ऊर्जा उत्पादन सुनिश्चित करने के साथ–साथ घरों के लिए बिजली के खर्च में पर्याप्त कटौती का वादा करती है। इसके साथ ही यह पर्यावरण के लिए जीवन शैली को बड़े पैमाने पर प्रोत्साहित करने और एक बेहतर ग्रह में योगदान देने के लिए तैयार है।"

यह योजना 2 किलोवाट क्षमता तक के सिस्टम के लिए सौर इकाई लागत का 60 प्रतिशत और 2 से 3 किलोवाट क्षमता के सिस्टम के लिए अतिरिक्त सिस्टम लागत का 40 प्रतिशत सब्सिडी प्रदान करती है। सब्सिडी को 3 किलोवाट क्षमता तक सीमित कर दिया गया है। इससे पहले केंद्र सरकार ने कहा था कि 300 यूनिट तक बिजली खपत करने के लाभार्थी 15 हजार रुपए तक बचा सकेंगे। इच्छुक उपभोक्ता को योजना के लिए आवेदन करने के लिए राष्ट्रीय पोर्टल पर पंजीकरण करना होगा।

यह राज्य और बिजली वितरण कंपनी का चयन करके करना होगा। यह परियोजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 15 फरवरी को 75,021 करोड़ की लागत से लॉन्च की गई थी।

## अनुबंधित और अंशकालिक कर्मचारी को नहीं लगेगी चुनाव ड्यूटी, 100 मिनट में होगा शिकायत का समाधान

नई दिल्ली ,मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने जानकारी दी कि चुनाव प्रक्रिया में अनुबंधित और अंशकालिक कर्मचारी की चुनाव ड्यूटी नहीं लगाई जाएगी। सी विजिल पर शिकायत का समाधान 100 मिनट के भीतर होगा। दो लाख 18 हजार से अधिक मतदाताओं की आयु 100 वर्ष से अधिक है। इसके अलावा चालीस प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले व्यक्ति अपने घर से मतदान कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि पांच से छह लाख ऐसे वोटरों के नाम मतदाता सूची में शामिल किये गये हैं जो एक अप्रैल 2024 को 18 वर्ष की आयु पूरी कर रहे हैं। 2100 पर्यवेक्षक तैनात किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों को मतदाता सूची तैयार करने की प्रक्रिया में शामिल किया गया है ताकि बाद में कोई यह नहीं कहे कि हमें नहीं बताया गया। जिलाधिकारियों ने हर जिले में राजनीतिक दलों के साथ बैठकें की हैं। उनकी आपत्तियों का निराकरण किया गया है। सीईसी ने कहा कि चुनाव कराने को लेकर श्ष्टद्ब के सामने 4 चुनौतियां हैं।

# बिहार में नीतीश कुमार के मंत्रियों के बीच विभागों का बंटवारा



पटना ,बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को अपने मंत्रिमंडल का विस्तार किया था। शनिवार को मंत्रियों के विभागों का बंटवारा कर दिया गया। मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग ने इसकी अधिसूचना भी जारी कर दी। अधिसूचना के मुताबिक, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने पास सामान्य प्रशासन, गृह, मंत्रिमंडल सचिवालय, निगरानी, निर्वाचन सहित ऐसे सभी विभाग जो किसी को आवंटित नहीं हैं, रखे हैं। जबकि, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी वित्त, वाणिज्य कर तथा उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा को पथ निर्माण, खान–भूतत्व तथा कला, संस्कृति एवं युवा विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। विजय कुमार चौधरी को जल संसाधन, संसदीय कार्य, बिजेंद्र प्रसाद यादव को ऊर्जा और योजना एवं विकास, प्रेम कुमार को सहकारिता, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन, श्रवण कुमार को ग्रामीण विकास तथा संतोष कुमार सुमन को सूचना प्रावैधिकी, लघु जल संसाधन , आपदा प्रबंधन की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

अधिसूचना के मुताबिक, सुमित सिंह को विज्ञान, प्रावैधिकी तथा तकनीकी शिक्षा, रेणु देवी को पशु, मत्स्य संसाधन तथा मंगल पांडेय को स्वास्थ्य, कृषि का मंत्री बनाया गया है। इसके अलावा नीरज कुमार सिंह को लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, अशोक चौधरी को ग्रामीण कार्य, लेसी सिंह को खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण तथा मदन सहनी को समाज कल्याण विभाग का मंत्री बनाया गया है। नीतीश मिश्रा को उद्योग, पर्यटन, नितीन नबीन को नगर विकास और आवास तथा विधि, दिलीप जायसवाल को राजस्व और भूमि सुधार, महेश्वर हजारी को सूचना, जनसंपर्क विभाग, शीला कुमारी को परिवहन तथा सुनील कुमार को शिक्षा मंत्रालय की जिम्मेदारी दी गई है। जनक राम को अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति कल्याण, हरी सहनी को पिछड़ा वर्ग और अति पिछड़ा वर्ग कल्याण, कृष्ण नंदन पासवान को गन्ना उद्योग, जयंत राज को भवन निर्माण, जमा खान को अल्पसंख्यक कल्याण, रत्नेश सदा को मद्य निषेध, उत्पाद, निबंधन विभाग, केदार प्रसाद गुप्ता को पंचायती राज, सुरेन्द्र मेहता को खेल तथा संतोष कुमार सिंह को श्रम संसाधन की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# भारतीय नौसेना का बड़ा एक्शन, समुद्री डाकुओं की योजना विफल

### गोलीबारी का दिया मुंहतोड़ जवाब



नई दिल्ली ,। भारतीय नौसेना ने पूर्व–मर्चेंट शिप रूएन को रोककर क्षेत्र से गुजरने वाले जहाजों के अपहरण की सोमाली समुद्री डाकुओं की योजना को विफल कर दिया। नौसेना ने शनिवार को बताया कि पूर्व–मर्चेंट शिप रुएन के बारे में जानकारी मिली थी कि वह खुले समुद्र में समुद्री डकैती के कृत्यों को अंजाम देने के लिए एक समुद्री डाकू जहाज के रूप में रवाना हुआ है। रुएन का पिछले साल 14 दिसंबर को सोमाली समुद्री डाकुओं ने अपहरण कर लिया था।

हालाँकि, जहाज को शुक्रवार को भारतीय नौसेना के युद्धपोत ने रोक लिया। जहाज ने युद्धपोत पर गोलीबारी की। आत्मरक्षा में और समुद्री डकैती का मुकाबला करने के लिए नौसेना के पोत ने अंतर्राष्ट्रीय कानून के अनुसार कार्रवाई की, जिसमें नौवहन और नाविकों के लिए समुद्री डाकुओं के खतरे को बेअसर करने के लिए आवश्यक न्यूनतम बल का प्रयोग किया गया।

रुएन पर सवार समुद्री डाकुओं को आत्मसमर्पण करने और जहाज तथा उनकी इच्छा के विरुद्ध पकड़े गए किसी भी नागरिक को रिहा करने के लिए कहा गया। एक अधिकारी ने कहा कि नौसेना समुद्री सुरक्षा और क्षेत्र में नाविकों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

## भीषण हादसा, फैक्ट्री में बॉयलर फटा, 100 से ज्यादा कर्मचारी झुलसे, मची अफरातफरी

रेवाड़ी ,हरियाणा के रेवाड़ी से बड़ी ह्दयविदारक खबर सामने आ रही है। खबर एक हादसे की है। बताया जाता है कि शनिवार शाम को यहां एक कंपनी में बॉयलर फट गया जिसकी चपेट में आने से करीब 100 से ज्यादा कर्मचारी झुलस गए। इनमें करीब 30 कर्मचारियों को गंभीर हालत में रेवाड़ी के ट्रॉमा सैंटर में लाया गया। हादसा धारूहेड़ा औद्योगिक क्षेत्र स्थित लाइफ लॉन्ग फैक्ट्री में हुआ। शाम करीब 7 बजे रोजाना की तरह कर्मचारी काम कर रहे थे। अचानक जोरदार धमाके के साथ बॉयलर फट गया। 100 से ज्यादा कर्मचारी इसकी चपेट में आ गए। इसके बाद चारों तरफ अफरातफरी मच गई और लोग मदद के लिए इधर उधर भागने लगे। हादसा इतना भीषण था कि लोगों के कपड़े उनकी स्किन से चिपक गए। सूचना के बाद मौके पर दर्जनों एंबुलेंस की गाडियां पहुंची। इसके साथ ही फायर ब्रिगेड की गाडियां भी बुलाई गईं।

# उत्तराखंड में दो सीटों पर प्रत्याशी घोषित करने में पिछड़ गई कांग्रेस



देहरादून। लोकसभा चुनाव का बिगुल बजने के साथ ही उत्तराखंड में राजनीतिक दलों की धड़कनें बढ़ गई हैं। प्रदेश की प्रमुख प्रतिपक्षी पार्टी कांग्रेस शुरुआती दौर में अपनी धुर विरोधी भाजपा से पिछड़ गई है। सत्ताधारी दल जहां सभी पांचों सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर चुका है, वहीं कांग्रेस ने अभी तक तीन सीटों पर ही प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतारे हैं।

दो सीटों पर टिकट तय करने को लेकर कांग्रेस में मंथन ही चल रहा है। लोकसभा के चुनावी समर में उत्तराखंड की पांच सीटों के लिए मतदान 19 अप्रैल को होगा। निर्वाचन आयोग ने पहले चरण के चुनाव कार्यक्रम में उत्तराखंड को सम्मिलित किया है।

**दो संसदीय सीटों पर फंसा है पेंच**

चुनाव आचार संहिता लागू होने के साथ ही प्रदेश में चुनावी गतिविधियां तेज करने की तैयारी राजनीतिक दलों ने प्रारंभ कर दी है। फिलहाल, शुरुआती दौर में कांग्रेस इस दौड़ में पीछे हो गई है। इसका बड़ा कारण दो संसदीय सीटों हरिद्वार और नैनीताल–ऊधमसिंहनगर में पार्टी के टिकट घोषित नहीं होना है। यद्यपि, नई दिल्ली में केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक हो चुकी है।

बैठक के बाद पार्टी ने तीन सीटों गढ़वाल, टिहरी और अल्मोड़ा के लिए प्रत्याशी घोषित कर दिए। ये प्रत्याशी चुनाव प्रचार प्रारंभ कर चुके हैं।

### दिल्ली में चल रहा है मंथन

वहीं हरिद्वार और नैनीताल–ऊधमसिंहनगर में प्रत्याशी तय नहीं होने से पहले से चल रहा चुनाव प्रचार कार्यक्रम भी ढीला पड़ गया है। माना जा रहा है कि इन दोनों सीटों पर कांग्रेस प्रत्याशियों की घोषणा सोमवार अथवा मंगलवार को हो सकती है। इन दोनों ही सीटों पर प्रत्याशियों के चयन में पेच भी फंसा है। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की उपस्थिति में ही टिकट तय होने की बात कही जा रही है।

### नई दिल्ली में डेरा डाले हुए हैं दिग्गज नेता

टिकट के दावेदार और पार्टी के दिग्गज नेता नई दिल्ली में ही डेरा डाले हुए हैं। उधर, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि प्रदेश में चुनाव आचार संहिता भले ही लागू हो गई, लेकिन कांग्रेस चुनाव को लेकर अपनी तैयारी जारी रखे हुए है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की शेष दोनों सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा शीघ्र होगी। अभी नामांकन प्रक्रिया शुरू होने में काफी समय है।

# महिला वोटरों का आंकड़ा करेगा हैरान, लोकसभा चुनाव में सिर्फ इतने फीसदी वोटिंग



देहरादून। आगामी लोकसभा चुनावों से पहले महिला मतदाताओं को लुभाए जाने की तमाम कोशिश के बावजूद, उत्तराखंड की वोटर लिस्ट में महिला मतदाताओं की हिस्सेदारी 47 प्रतिशत से आगे नहीं बढ़ पा रही है। प्रदेश का एक मात्र रुद्रप्रयाग ही ऐसा जिला है जहां महिला मतदाता की संख्या पुरुषों से अधिक है, दूसरी तरफ हरिद्वार में प्रति हजार पुरुषों के मुकाबले 891 महिलाएं ही वोटर बन पाई हैं।

प्रदेश सरकार लोकसभा चुनावों की आचार संहिता लगने से पहले महिला मतदाताओं को लुभाने के लिए सभी जिलों में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम आयोजित कर चुकी है। इसके अलावा सरकार लखपति दीदी योजना, अंतोदय श्रेणी की 93 हजार महिलाओं को साल में तीन गैस सिलेंडर मुफ्त देने और उत्तराखंड की महिलाओं को सरकारी नौकरी में 30 फीसदी आरक्षण देकर भी महिला वोट बैंक पर खासकर ध्यान दे रही है।

दूसरी तरफ कांग्रेस भी नारी न्याय गारंटी योजना के जरिए गरीब परिवारों की महिलाओं को प्रति वर्ष एक लाख रुपए देने सहित कई घोषणा कर चुकी हैं।

### महिला मतदाता


| साल | संख्या | प्रतिशत |
|---|---|---|
| 2024 | 3975134 | 47.68 |
| 2022 | 3761294 | 47.37 |
| 2019 | 3711220 | 47.79 |
| 2017 | 3602801 | 47.44 |
| 2014 | 3377939 | 47.38 |
| 2012 | 3024680 | 47.42 |

महिलाएं ही बन पाई हैं वोटर हरिद्वार में प्रति हजार पुरुषों के मुकाबले वोटर लिस्ट को लैंगिक रूप से भी स्वस्थ बनाने के लिए निर्वाचन अयोग महिला मतदाताओं के पंजीकरण पर विशेष जोर दे रहा है। खासकर 18 साल की उम्र पूरी करने वाली बालिकाओं के शत प्रतिशत नामांकन का प्रयास किया जा रहा है।

डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम, मुख्य निर्वाचन अधिकारी ,उत्तराखंड

सियासी दलों की इन कोशिशों के विपरीत वोटर लिस्ट के आंकड़े अब भी महिलाओं के हक में गवाही नहीं दे रहे हैं। 2012 से महिला मतदाताओं की संख्या 47 प्रतिशत से आगे नहीं बढ़ पा रही है।इस दौरान जबकि अब तक तीन बार विधानसभा और दो बार लोकसभा चुनाव हो चुके हैं, साथ ही अब 2024 लोकसभा चुनावों के लिए भी वोटर लिस्ट तैयार हो चुकी है। निर्वाचन आयोग के आंकड़ों के मुताबिक उत्तराखंड की आबादी में प्रति एक हजार पुरुषों पर महिलाओं की औसत संख्या 967 है, लेकिन वोटर लिस्ट में यह अनुपात और गिरकर 930 तक ही पहुंच पाया है।

# सीएए के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचे असदुद्दीन ओवैसी



नई दिल्ली। नागरिकता संशोधन अधिनियम सीएए के मुद्दे पर अकटकट के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। कोर्ट में याचिका दाखिल करते हुए उन्होंने सीएए के कार्यान्वयन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने की मांग की है। इस दौरान ओवैसी ने सीएए का मुद्दा भी उठाया है। ओवैसी ने सुप्रीम कोर्ट से मांग की है कि उअअ का ठफउ के साथ गलत गठजोड़ है। सीएए के जरिए भारतीय मुसलमानों को निशाना बनाने की कोशिश की जा रही है।

**असदुद्दीन ओवैसी ने याचिका में क्या कहा?**

याचिका में ओवैसी ने कहा कि कार्यवाही के लंबित रहने के दौरान नागरिकता अधिनियम, 1955 की धारा 6इ के तहत नागरिकता का दर्जा देने की मांग करने वाले किसी भी आवेदन पर सरकार द्वारा विचार या कार्रवाई नहीं की जाए।

**ओवैसी ने मुस्लिमों को लेकर उठाया सवाल**

सीएए को अधिसूचित किये जाने के बाद ओवैसी ने कहा था कि धर्म के आधार पर कोई कानून नहीं बनाया जा सकता और इसपर सुप्रीम कोर्ट के कई निर्णय भी हैं। उन्होंने कहा, "यह समानता के अधिकार के खिलाफ है। आप प्रत्येक धर्म के लोगों को नागरिकता की अनुमति दे रहे हैं, लेकिन इस्लाम धर्म के लोगों को यह नहीं दे रहे हैं।"

## चुनाव से ठीक पहले

सीएए को सिर्फ सीमित चुनावी नजरिए से देखना उचित नहीं होगा। बल्कि यह भाजपा की वैचारिक परियोजना का एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा है। इसके जरिए भारतीय नागरिकता को तय करने वाली कसौटियों में अब धर्म एक पहलू बन गया है। केंद्र सरकार ने नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) को लागू कर दिया है। इसके लिए जरूरी नियम जारी कर दिए गए हैं। जाहिर है, ये कदम 18वें आम चुनाव से ठीक पहले उठाया गया है। खबरों के मुताबिक हफ्ते भर के अंदर चुनाव कार्यक्रम की घोषणा होने वाली है। उस पृष्ठभूमि में इसे सरकार और सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी के एक चुनावी कदम के रूप में देखा जा सकता है। महजबी आधार पर ध्रुवीकरण भाजपा की एक प्रमुख राजनीतिक ताकत है। अगर चार साल पहले की घटनाओं पर– जब सीएए पारित हुआ था– गौर करें, तो तब इस कानून के खिलाफ एक बड़ा आंदोलन हुआ था, जिसमें मुस्लिम समुदाय ने बढ़–चढ़ कर हिस्सा लिया। उसी सिलसिले में दिल्ली में दंगा भी हुआ। इससे सांप्रदायिक ध्रुवीकरण को हवा मिली थी। कानून लागू होने के साथ उन सारी घटनाएं की याद ताजा हो सकती है। इसके अलावा अगर फिर से इस कानून का विरोध हुआ, तो ऐसा माहौल और अधिक गरमा सकता है। बहरहाल, इस कानून को सिर्फ इस सीमित नजरिए से देखना उचित नहीं होगा। बल्कि यह भाजपा की वैचारिक परियोजना का एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा है।इसके जरिए भारतीय नागरिकता को तय करने वाली कसौटियों में अब धर्म एक पहलू बन गया है। इस कानून के तहत अफगानिस्तान, पाकिस्तान और बांग्लादेश से भारत आने वाले गैर–मुस्लिम व्यक्ति भारतीय नागरिकता के लिए अर्जी दे सकेंगे। इस तरह मजहब नागरिकता तय करने की एक कसौटी बन जाएगा। समझा जा सकता है कि यही व्यवस्था करना इस कानून का मुख्य मकसद है।वरना, अगर उद्देश्य पड़ोसी देशों में उत्पीड़ित व्यक्तियों को राहत देना होता, तो फिर इस कानून के दायरे में श्रीलंका और म्यांमार को भी शामिल किया जाता– जहां अधिकतर उत्पीड़ित व्यक्ति हिंदू धर्म को मानने वाले होते हैं। जाहिर है, कानून उत्पीड़ित शरणार्थियों को राहत देने के लिए नहीं, बल्कि भारतीय राज्य के मूलभूत स्वरूप में परिवर्तन के लिए बनाया गया है। भाजपा का हमेशा से यह एक वैचारिक उद्देश्य रहा है। इस बीच चूंकि सुप्रीम कोर्ट ने इसके खिलाफ दायरे याचिकाओं को लटका रखा है, इसलिए सरकार के इस ओर बढने् का मार्ग प्रशस्त हो गया है।

### कितना कुछ जाहिर होगा?

आशंका जताई गई है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश में ही ऐसी बात शामिल है, जिससे कई महत्त्वपूर्ण सूचनाएं जाहिर होने से रह जाएंगी। फिलहाल, यह नहीं मालूम होगा कि किस व्यक्ति या उद्योग घराने ने किस पार्टी को कब और कितना चंदा दिया। सुप्रीम कोर्ट ने आम चुनाव तक इलेक्ट्रॉल बॉन्ड्स संबंधित विवरण पर परदा डालने की भारतीय स्टेट बैंक की कोशिश नाकाम कर दी। कोर्ट के आदेश के मुताबिक अब 15 मार्च को स्टेट बैंक से मिली जानकारियां निर्वाचन आयोग को अपनी वेबसाइट पर प्रकाशित करनी होंगी। इससे देश को पता चलेगा कि इन बॉन्ड्स के माध्यम से किन लोगों या उद्योग घरानों ने राजनीतिक चंदा दिया। किस राजनीतिक दल को कितना चंदा मिला, यह ब्योरा भी आयोग की वेबसाइट पर आ जाएगा। मगर यह सूचना तो पहले से सार्वजनिक दायरे में उपलब्ध है। आशंका जताई गई है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश में ही ऐसी बात शामिल है, जिससे कई महत्त्वपूर्ण सूचनाएं जाहिर होने से रह जाएंगी। फिलहाल, यह नहीं मालूम होगा कि किस व्यक्ति या उद्योग घराने ने किस पार्टी को कब और कितना चंदा दिया। अगर ये जानकारियां सामने आतीं, तो सिविल सोसायटी के लोग यह आकलन करने की स्थिति में होते कि केंद्र और विभिन्न राज्यों में सत्ताधारी दलों को किन घरानों से कितना पैसा मिला।फिर वे यह पड़ताल करते कि क्या संबंधित सरकार ने से फैसला लेते वक्त उन खास घरानों के साथ पक्षपात किया। यानी क्या उन घरानों को कोई अनुचित लाभ पहुंचाया गया। इससे वह पारदर्शिता आती, जिससे भविष्य में धनी–मानी तबकों और राजनीतिक दलों के बीच होने वाली प्रत्यक्ष लेन–देन पर रोक लगती। मगर, स्टेट बैंक ने कह दिया कि यह मिलान करने में उसे बहुत वक्त लगेगा। इस बीच उसके पास चंदा दाताओं और चंदा प्राप्तकर्ताओं की सूची है, जिसे वह सौंप सकता है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी कर दी कि उसने कभी वह ब्योरा देने को नहीं कहा था, जिसके लिए स्टेट बैंक समय मांग रहा है। कोर्ट के इस नजरिए से उन बहुत से लोगों को निराशा हुई है, जो चुनावी चंदे में पूरी जवाबदेही के लिए प्रयासरत रहे हैं।

# भाजपा की मंडी में सुरेश पचौरी!

**कांग्रेस ने कोई पचपन साल राज किया। सत्ता की दिल्ली कोठियां कांग्रेसियों से भरी हुई थी। सत्ता और जवानी के मजे लिए। लोगों को बेवकूफ बनाया। वैभव और जलवे से जीये! पर अंततः बुढ़ापा। जनता का मन भरा। और उनकी जगह नरेंद्र मोदी और भाजपा की ताजगी, जवानी पर लोग फिदा हुए तो सोचें कांग्रेसियों के बूढ़े चेहरों की मनोदशापर । एसएम कृष्णा, गुलाम बनी आजाद आदि, आदि। और अब सुरेश पचौरी। कुछ दिन पहले ही मिले थे। पर मुझे रत्ती भर अनुमान नहीं हुआ कि वे भीज.। उन्हें कांग्रेस ने 1981 से लेकर 2011 की अवधि में इंदिरा, राजीव, सोनिया गांधी की कांग्रेस ने क्या नहीं दिया! 24 साल याकि चार टर्म राज्यसभा सांसद थे। कार्मिक, रक्षा जैसे अहम मंत्रालय में मंत्री रहे। सोनिया गांधी और अहमद पटेल के सबसे विश्वस्त। पर कल मैंने जब उन्हें भाजपा की मंडी में देखा तो मुझे हिंदुओं की इस राजनीति पर घिन हुई। समझ नहीं आया मोदी–शाह ने पचौरी का क्या मूल्य लगाया होगा? और पचौरी ने क्या चाहते हुए भगवा पहना? ज्यादा सोचने की जरूरत नहीं है। भारत में सत्ता से बाहर हुए नेता (किसी भी पार्टी का) को तो बस सत्ता के मेले का, भर्ती मेले का इंतजार रहता है। भला सत्ता के नशे के बिना कैसे जिंदगी गुजरे। तभी तो राजनीति और वेश्यावृत्ति को एक जैसा माना जाता है।**

हरिशंकर व्यास

सुरेश पचौरी को खरीदा नहीं गया होगा। इसलिए क्योंकि बुढ़ापे में भला उनका मूल्य क्या है? मान्यता है कि बूढ़े नेता और बूढ़ी वेश्या का बुढ़ापा एक सी मनोव्यथा में होता है। दोनों संताप, लाचारगी और भूख में फडफ़ड़ाते होते हैं। क्या होती है दोनों की मनोव्यथा? इस बात का संताप की कभी वह कोठे की हूर, सत्ता का जलवा लिए हुए थे। तब सब लोग आगे–पीछे घूमते थे। वाह–वाह करते थे। दलालों से घिरे रहते थे। पैसा बरसता था। शाही ठाठ था। तूती बोलती थी। वैभव और जलवा था।

यह जो 'जलवा' शब्द है वह सत्ता के गलियारे के नेताओं और कोठे में जवानी के ठसके वाली वेश्या को तब भीतर ही भीतर गलाता है जब वह पॉवर और जवानी से आउट होते हैं। तब वैभव के दिनों को याद करते हुए इस संताप में रहते हैं कि कभी मेरे आगे–पीछे दुनिया घूमती थी। कोठी और कोठे पर भीड़ होती थी। हर कोई एक झलक के लिए, इनायत के लिए तरसता था। वे कैसे अच्छे दिन थे और अबज्.बुढ़ापा कटे तो कैसे कटे!

कांग्रेस ने कोई पचपन साल राज किया। सत्ता की दिल्ली कोठियां कांग्रेसियों से भरी हुई थीं। सत्ता और जवानी के मजे लिए। लोगों को बेवकूफ बनाया। वैभव और जलवे से जीये! पर अंततः बुढ़ापा। जनता का मन भरा। और उनकी जगह नरेंद्र मोदी और भाजपा की ताजगी, जवानी पर लोग फिदा हुए तो सोचें कांग्रेसियों के बूढ़े चेहरों की मनोदशापर । एसएम कृष्णा, गुलाम बनी आजाद आदि, आदि। और अब सुरेश पचौरी।

कुछ दिन पहले ही मिले थे। पर मुझे रत्ती भर अनुमान नहीं हुआ कि वे भीज.। उन्हें कांग्रेस ने 1981 से लेकर 2011 की अवधि में इंदिरा, राजीव, सोनिया गांधी की कांग्रेस ने क्या नहीं दिया! 24 साल याकि चार टर्म राज्यसभा सांसद थे। कार्मिक, रक्षा जैसे अहम मंत्रालय में मंत्री रहे। सोनिया गांधी और अहमद पटेल के सबसे विश्वस्त।

पर कल मैंने जब उन्हें भाजपा की मंडी में देखा तो मुझे हिंदुओं की इस राजनीति पर घिन हुई। समझ नहीं आया मोदी–शाह ने पचौरी का क्या मूल्य लगाया होगा? और पचौरी ने क्या चाहते हुए भगवा पहना?

ज्यादा सोचने की जरूरत नहीं है। भारत में सत्ता से बाहर हुए नेता (किसी भी पार्टी का) को तो बस सत्ता के मेले का, भर्ती मेले का इंतजार रहता है। भला सत्ता के नशे के बिना कैसे जिंदगी गुजरे। तभी तो राजनीति और वेश्यावृत्ति को एक जैसा माना जाता है। हां, हिंदुओं को हजार साल पहले राजा भर्तृहरि द्वारा उद्घाटित इस सत्य को याद रखना चाहिए कि, 'वारांगना इव नृपनीति'। मतलब राजनीति, वेश्या है। इस नीति श्लोक का पूरा खुलासा यह है कि– कभी सत्य, कभी झूठ, कभी मिथ्या, कभी कटुभाषिणी और कभी प्रियभाषिणी, कभी हिंसा और कभी दयालुता, कभी लोभ और कभी दान, कभी अपव्यय और कभी धन संचय करने वाली जैसे वेश्या होती है उसी भांति राजनीति भी अनेक रूप धारण कर लोगों को लुभाती है, मूर्ख बनाती है। ('वारांगनेव नृतनीतिरनेकरूपा। सत्यानृता च परुषा प्रियवादिनी चहिंस्रा दयालुरपि चार्थपरा वदान्या। नित्यव्यया प्रचुरनित्यधनागमा चवाराङ्गनेव नृपनीतिरनेकरुपा'। –भर्तृहरि नीति शतक श्लोक 47)

और मालूम है हाल के वर्षों में राजनीति और वेश्या का ज्ञान किसने बघारा था? आरएसएस के सुप्रीमो कुप सी सुर्दशन ने। उन्होंने राजनीति को वेश्यावृत्ति समान तब बताया था जब लालकृष्ण आडवाणी ने जिन्ना की मजार पर जिन्ना की प्रशंसा की थी। उस पर बवाल हुआ तो डॉ. वेदप्रताप वैदिक का लिखना था– सुदर्शनजी ने कुछ गलत नहीं कहा। ज्ऐसा कहनेवाले भर्तृहरि थे। वे स्वयं राजा थे। वे अपनी 'नृपनीति' की विसंगतियां उजागर कर रहे थे। वे वेश्या की अम्मा नहीं थे।

जनसंघ और भाजपा तो संघ की बेटियां हैं। संघ उनकी अम्मा है। मां अपनी बेटियों के बारे में कुछ भी कहे तो बेचारी बेटियां क्या बोल सकती हैं? वे तो चुप हैं। उन्हें चुप रहना ही सिखाया गया है लेकिन भाजपा की यह चुप्पी न केवल उसके लिए अपितु राष्ट्रीय राजनीति के लिए घातक सिद्ध हो सकती है। गोवा में जो हुआ, वह इससे भी ज्यादा भीषण है। पैसों और पदों के खातिर कौन नेता और कौन दल कब शीर्षासन की मुद्रा धारण करेगा, कुछ नहीं कह सकते। सत्ता की खातिर कांग्रेस कब भाजपा बन जाएगी और भाजपा कब कांग्रेस बन जाएगी, कोई नहीं जानता।

सोचें, भर्तृहरि, सुदर्शन तथा डॉ. वेदप्रताप वैदिक के कहे में आज की सच्चाई क्या है? पूरा देश खरीद–फरोख्त की वह मंडी है, जिसमें दीन–ईमान सब बिकता है। लोगों के दीन–ईमान को मजबूर किया जाता है कि वह बिके जैसे वेश्याओं को जिस्म बेचने के लिए मजबूर किया जाता है। कहीं कोई चरित्र नहीं। इंच भर धर्म–ईमान नहीं है और हल्ला है रामराज्य का!

सवाल है जिस राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ के प्रमुख ने आडवाणी जैसे नेता को आईना दिखाया था वह भाजपा की खुली मंडी, खरीद–फरोख्त से कैसे गौरवान्वित है? पर यह फैसला करना मुश्किल है कि संघ गौरवान्वित है या शर्मसार? शायद जवाब हो कि कांग्रेस भी ऐसा ही करती थी। आयाराम–गयाराम, दलबदल सब कांग्रेस के समय से होता आ रहा है। और नीति शतक कहता ही है कि वेश्या मतलब राजनीति, राजनीति मतलब वेश्या है तो नियति के आगे हम अपने चाल, चेहरे, चरित्र से क्या कर सकते हैं।

ठीक बात है। गुलाम इतिहास से संस्कारित हिंदुओं का हजार साल से यही रोना है कि हमारे बस में क्या? जैसे प्रभु रखेंगे वैसे रह लेंगे।

शायद यही सोच है, जिसके कारण भारत में किसी को दीन–ईमान बेचने या खरीदने में रत्ती भर संकोच नहीं होता। आखिर व्यक्ति जब दिन–रात सत्ता के नशे में धुत हुआ रहता है तो उसे बिना नशे के चैन मिल ही नहीं सकता। भारत और दुनिया के सभ्य लोकतांत्रिक देशों का यही फर्क है जो वहां राजनीति एक प्रोफेशन है, लोक प्रशासन है, जबकि भारत में सत्ता की भूख है, रूतबा है। हिंदुओं ने हजार साल विदेशी शासकों, विधर्मी शासन की ताबेदारी और कोतवाल व्यवस्था में भयाकुल जीवन जीया है तो बूझ सकते हैं दिल–दिमाग में सत्ता की भूख कितनी पैठी हुई है?कोई भले इस बात को न माने लेकिन मेरा मानना है कि अंग्रेजों से 15 अगस्त 1947 को हमें जो आजादी मिली थी वह हम देशज लोगों की इस भूख, छटपटाहट को लिए हुए थी कि बस जैसे भी हो हमें फटाफट पॉवर चाहिए। तभी अंग्रेजों से वह भारतीयों को पॉवर ट्रांसफर था। तभी न अंग्रेजों की बनाई व्यवस्था बदली और न दिल्ली का सत्ता चरित्र बदला। उलटे सर्वजनों में अधिकार के नाम पर पॉवर की बंदरबांट हुई। वह कुछ भी नहीं हुआ, जिससे चरित्र बने। संस्कार, नैतिक मूल्य बने। भाईचारा और समानता बने।

त्रासद सत्य है कि एक तरफ लोकप्रियता के पीक के बावजूद खरीद–फरोख्त के लिए हर संभव तिकड़म है वही चालीस–पचास साल लगातार पॉवर भोगने के बावजूद नेता लोग बिकने को तैयार। धोखा देने, अहसानफरामोशी के लिए तत्पर। इसलिए क्योंकि जीवन भर जब कोठी–कोठे में जलवे से जीवन जीया गया है तो वे बेचारे बुढ़ापा कैसे सडक़ पर गुजारें।

सब कुछ होते हुए भी पॉवर में रहा व्यक्ति भारत में बिना पॉवर सडक़ का लावारिस होता है। करे क्या वह, कोई पूछता नहीं। कभी ग्राहकों की भीड़ थी और अब कोई झांकता भी नहीं है तो उसे सत्ता की मौजूदा दुकान के आगे कटोरा ले कर खड़ा ही होना होगा।तब नेता बिरादरी की इस फडफ़ड़ाहट को भला गुजरात की धंधे की तासीर में पले–बढ़े नरेंद्र मोदी और अमित शाह क्यों न भुनाएं? इसलिए भर्ती मेला कहें या मंडी, सबको न्योता है, आओ अपना ईमान बेचो।

तभी दस वर्षों से रेला लगा हुआ है। न विचार की वफादारी है और न ईमान की, न ही अहसान की। कुल मिलाकर सत्य क्या? राज किसी का भी हो, भारत की राजनीति सदा–सर्वदा वारांगना (वेश्या) है। समय के साथ उसमें विस्तार है और रामराज्य व अमृतकाल की तो वह इतिहासजन्य विशिष्टता है। क्या नहीं?

# इजराइल ने अपना कमाया सब गंवाया!

श्रुति व्यास

कौन सोच सकता था कि इजरायली इतने बेरहम, इतने ज़ालिम हो सकते हैं? और ऐसा मैं भावनाओं में बहकर नहीं कह रही हूं। एक वक्त के इजराइल के मसीहा बेंजामिन नेतन्याहू ने जब से हमास के खिलाफ युद्ध छेड़ा है (जो दरअसल गाजा निवासियों और फिलिस्तीनियों का कत्लेआम है) तबसे इजराइल एक अपराधी, और नेतन्याहू एक हत्यारा लगने लगे हैं। और यद्यपि यह दुर्भाग्यपूर्ण है, मगर नेतन्याहू के कारण सभी यहूदी खराब लगते लगे हैं। युद्ध शुरू हुए छह महीने गुजर् चुके हैं। क्रिसमस के बाद अब रमजान आ गया है। और तब से लेकर अब तक कत्लेआम जारी है। गाजा पर मौत की काली छाया मंडरा रही है। बच्चे भुखमरी का शिकार हो रहे हैं, महिलाओं का खून बहाया जा रहा है और ब्रेड के एक टुकड़े के लिए भाई, भाई की हत्या कर रहा है। युद्धविराम प्रेस और अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं द्वारा पश्चिम की आलोचना से बचने के लिए रचा गया एक भ्रमजाल बनकर रह गया है जैसे बच्चे का ध्यान हटाने के लिए लालीपाप।सीएनएन के हाल के एक वीडियो में इजराइलियों के एक समूह झ जिसे चैनल ने क्रुद्ध बताया है मगर असल में जो क्रूर हैं झ गाजा में खाद्यान्न एवं अन्य सहायता सामग्री ले जाने वाले ट्रकों को रोकने की कोशिश करते हुए दिखाया गया। वे पुलिस की नाकाबंदी के आगे गाजा भेजी जाने वाली राहत सामग्री को रोकने के लिए अपनी नाकाबंदी कर रहे थे।

इन विरोध प्रदर्शनों का नेतृत्व तसाव–9 नामक एक संगठन कर रहा है जो पूर्व रिजर्व सैनिकों, अपहृत लोगों के परिवारजनों और फिलिस्तीन में बसाए गए लोगों का समूह है। शिशुओं को अपने शरीरों से बांधे युवा पुरूष और महिलाएं, और उनके पीछे–पीछे दौड़ते बच्चे, यह मानते हैं कि इन ट्रकों में खाना नहीं बल्कि बंदूक की गोलियां हैं। वे सोचते हैं कि यदि गाजा में लोग भूख से मर रहे हैं तो हमास बंधकों को रिहा क्यों नहीं कर रहा है? इजराइल डेमोक्रेसी इंस्टीटयूट द्वारा करवाई गई एक रायशुमारी से पता चलता है कि दो–तिहाई यहूदी इजरायली, गाजा में मानवीय सहायता पहुँचाने के विरोध को उचित मानते हैं।

यह किसने सोचा था कि इतिहास में एक ऐसा दिन आएगा जब दुनिया यहूदियों की इतनी निर्दयता, इतनी निर्ममता देखेगी। यह भविष्यवाणी किसने की होगी कि एक ऐसा दिन आएगा जब लोग देशों की सीमाओं, नस्ल और जाति की सीमाओं के परे इजराइल और यहूदीवाद के विरोधी हो जाएंगे। आखिर एक करोड़ से भी कम जनसंख्या वाला यह छोटा सा देश, जिसे सारी दुनिया चाहती थी, जो मध्यपूर्व में लोकतंत्र का चमकीला सितारा था, इतना जंगली और पत्थरदिल क्यों हो गया?

इजराइल के प्रति सहानुभूति और करूणाभाव समाप्त होता जा रहा है। सात अक्टूबर को इजराइल की तकलीफ सारी दुनिया सांझा कर रही थी, सारी दुनिया दुखी थी, सबकी आंखों में आंसू थे। लेकिन ये सारे अहसास अब खत्म हो चुके हैं। आंसुओं की जगह तिरस्कार भाव ने ली है। मानव समुदाय विभाजित हो गया है। देशों और लोगों में विनाशकारी और क्रूर किस्म के जूनून का एक विस्फोट सा हुआ है।पशुओं की दुनिया इससे ज्यादा रहमदिल होती है। पर हाय री मानव 'सभ्यता'।मनुष्य खून का प्यासा हो गया है। आंख के बदले आंख। सात अक्टूबर को इजराइल में बच्चों की हत्याओं का बदला गाजा में अभी भी नरसंहार और बच्चों की हत्याएं करके लिया जा रहा है। खून का बदला खून। किसी को युद्धविराम की दरकार नहीं है। युद्ध से सत्ता कायम रहती है। दया–करूणा की भावनाएं विकृति होती हैं। और झूठ ही सच होता है। हमास दुनिया को इजराइल का, यहूदियों का क्रूर चेहरा दिखाना चाहता है। वे गाजा के कोने–कोने में खून बहाना चाहते हैं। वे वृद्धों की मौत चाहते हैं और नहीं चाहते कि युवा जिएं।

इजराइल भी एक आतंकवादी की तरह पेश आ रहा है, अपना भयावह चेहरा दिखाना चाहता है, अपनी शक्ति और पराक्रम का प्रदर्शन करना चाहता है। वह इस सच्चाई को स्वीकार करने को तैयार नहीं है कि लड़ाई के जरिए जितने बंधक रिहा हुए हैं उससे बहुत ज्यादा कूटनीति के जरिए मुक्त हुए हैं। बल्कि इजराइली सरकार के अधिकारी बयानबाजी कर रहे हैं कि वे रफा पर हमले की तैयारी कर रहे हैं।

यह हमला पवित्र रमजान के दौरान कभी भी हो सकता है। रफा को इजरायली सेना ने 'सुरक्षित क्षेत्र' घोषित किया था, जिसके नतीजे में गाजा के अन्य हिस्से छोडने् वाले 15 लाख से अधिक लोग यहां ठुंसे हुए हैं।

## विजय देवरकोंडा और मृणाल ठाकुर की फैमिली स्टार का टीजर हुआ रिलीज, 5 अप्रैल को होगी दुनियाभर में रिलीज



तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री के लोकप्रिय अभिनेता विजय देवरकोंडा और मृणाल ठाकुर की आगामी फिल्म फैमिली स्टार का टीज़र रिलीज कर दिया गया है. इस फिल्म का निर्देशन पारसुरम ने किया है.यह फिल्म तेलुगु, तमिल और हिंदी भाषाओं में 5 अप्रैल को दुनियाभर में सिनेमाघरों में रिलीज़ होगी. टीजर में रोमांस और एक्शन का तडक़ा देखने को मिल रहा है. विजय देवरकोंडा अपने स्टाइलिश लुक में नजर आ रहे हैं, वहीं मृणाल ठाकुर भी बेहद खूबसूरत लग रही हैं.

टीजर में एक सच्चे फैमिली मैन (विजय देवरकोंडा) की कहानी दिखाई गई है – वह खाना बनाता है, प्यार करता है, जरूरत पडने् पर गुंडों से लड़ता है – वह यह सब करता है. यह साबित होने के बाद कि विजय देवरकोंडा वास्तव में एक फैमिली स्टार हैं हमें मृणाल ठाकुर के कैरेक्टर से इंट्रोड्यूस करवाया जाता है. विजय और मृणाल एक बस स्टैंड पर मिलते हैं. वह विजय से उसे उसके कॉलेज तक छोडने् के लिए कहती है. वह जवाब देता है, मेरे लिए पेट्रोल खरीदो, मैं तुम्हें जरूर छोड़ दूंगा. अभी के लिए इतना ही.

मृणाल ठाकुर ने सोशल मीडिया पर टीजर शेयर किया और उन्होंने लिखा, मचअवेटेड फैमिली स्टार टीजर अब रिलीज हो गया है. 5 अप्रैल को सिनेमाघरों में. प्तफैमिलीस्टार प्तफैमिलीस्टारऑनअप्रैल5 इस बीच विजय देवरकोंडा ने टीजर साझा किया और लिखा, यह 5 अप्रैल फैमिली स्टार. मेरे सभी प्यारे परिवारों के लिए प्तफैमिलीस्टारटीजऱ

इस साल की शुरुआत में विजय देवरकोंडा ने फिल्म का एक पोस्टर शेयर किया और फिल्म की रिलीज की तारीख अनाउंस की थी. उन्होंने लिखा, 5 अप्रैल, 2024 को आ रहा हूं. पिछले साल दिवाली पर फैमिली स्टार के एक्टर्स ने अपने इंस्टाफैम को कुछ इस तरह विश किया था, हमारे परिवार की तरफ से आपके परिवार को शुभ दीपावली. इस छुट्टियों के मौसम से परे उत्सव की खुशियां दोगुनी करने के लिए, प्तफैमिलीस्टार का पहला सिंगल बहुत जल्द आ रहा है.

### युवराज ने बताई ऋषभ पंत की रिकवरी की कहानी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (ठउअ) के फिजियोथेरेपिस्ट ने ऋषभ पंत (फरुँ ढंल३) के कार दुर्घटना से उबरने के बारे में बात की। उन्होंने ऋषभ पंत के रिहैब की पूरी प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारतीय विकेटकीपर की प्रशंसा की जानी चाहिए।बीसीसीआई की ग्रेटेस्ट कमबैक स्टोरी में एनसीए के फिजियो तुलसी युवराज ने खुलासा किया कि शुरुआती दौर में विकेटकीपर को कितना दर्द हो रहा था। फिजियो ने एक घटना को याद किया जहां एक वार्ड बॉय, जो पंत को स्ट्रेचर पर ले जा रहा था और किसी चीज से टकरा गया था। युवराज के अनुसार, छोटा सा झटका पंत को दर्द देने के लिए काफी था, वह दर्द से चीख पड़े थे।

**हल्के से झटके से वह चीख पड़ता था**

युवराज ने आगे बताया, जब हमें पता चला कि उनका एक्सीडेंट हो गया है, तो हमारे स्पोर्ट्स साइंस के प्रमुख, नितिन भाई, ने हमें बस जाने और रिहैब के प्रारंभिक चरण का ध्यान रखने के लिए कहा था। पहली चीज जो मैंने नोटिस की, वह यह थी कि उसे बहुत दर्द हो रहा था, जब वार्ड बॉय स्ट्रेचर को कमरे की ओर धकेलने की कोशिश कर रहा था और वह रास्ते से थोड़ा टकरा गया।

## हरमनप्रीत कौर की एक गलती के कारण हारी मुंबई इंडियंस, फाइनल में नहीं बना सकी जगह

नईदिल्ली, वुमेन्स प्रीमियर लीग 2024 रोमांचक अंदाज में आगे बढ़ते हुए फाइनल तक आ पहुंचा है. टूर्नामेंट का फाइनल मैच दिल्ली कैपिटल्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के बीच रविवार को खेला जाएगा. इससे पहले एलिमिनेटर मैच में आरसीबी बनाम एमआई के बीच एक कांटे की टक्कर वाला मुकाबला खेला गया, जिसे स्मृति मंधाना की कप्तानी वाली बैंगलोर की टीम ने जीता और फाइनल में एंट्री की. वहीं, पिछले सीजन की चैंपियन मुंबई इंडियंस टूर्नामेंट से बाहर हो गई. इस हार को पचाना मुंबई के लिए आसान नहीं रहा. मगर, मैच खत्म होने के बाद एमआई कैप्टन हरमनप्रीत कौर ने मैच के टर्निंग प्वॉइंट के बारे में बताया. मुंबई इंडियंस की कप्तान हरमनप्रीत कौर एलिमिनेटर मैच में आरसीबी के हाथों मिली हार के बाद काफी निराश नजर आईं. हारने के बाद



हरमनप्रीत कौर ने टर्निंग प्वॉइंट के बारे में बात करते हुए कहा, "हमने वाकई अच्छी बॉलिंग की. हमने उन्हें 140 से कम पर रोक दिया. बल्लेबाजी भी अच्छी थी, लेकिन आखिरी 12 गेंदों पर हमने अच्छी बल्लेबाजी नहीं की. 12 गेंदों में हमें सिर्फ एक बाउंड्री की जरूरत थी. लेकिन हम उसे बना नहीं पाए. ये खेल आपको हमेशा सीख देता है और प्रेशर में डालता है. आपको इससे सीखने की जरूरत है. जब हमने मेरा विकेट खोया, तो हमारे बल्लेबाज संयम नहीं रख पाए, यही मैच का टर्निंग प्वॉइंट था. मुंबई इंडियंस और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के बीच खेला गया एलिमिनेटर मुकाबला पूरी तरह से रूह्ठ के हाथों में था.

## एक्ट्रेस करिश्मा तन्ना ने कहा, स्कूप ने दिलाई अभिनय की दुनिया में नई पहचान

2001 में एक टीवी शो से अभिनय में कदम रखने वाली एक्ट्रेस करिश्मा तन्ना ने कहा कि 2023 में रिलीज हुई सीरीज स्कूप ने उन्हें अभिनय की दुनिया में नई पहचान दिलाई। एक्ट्रेस ने बताया कि इसके बाद ही लोगों ने उन्हें गंभीरता से लेना शुरू किया। लैक्मे फैशन वीक के दौरान एक्ट्रेस ने बताया, सीरीज स्कूप से पहले भी लोग मुझे इस इंडस्ट्री में जानते थे। मगर स्कूप ने मुझे अभिनय की दुनिया में नई पहचान दिलाई है। इसके बाद ही इंडस्ट्री ने मुझे गंभीरता से लेना शुरू किया। मेरे काम के बाद लोगों में मेरे प्रति बदलाव आया।



एक्ट्रेस ने महत्वाकांक्षी डिजाइनरों के सपनों और जुनून को रैंप पर उतारा। यह पूछे जाने पर कि जब वह इंडस्ट्री में जगह बनाने की कोशिश कर रही थीं तो क्या उन्हें सपोर्ट मिला, करिश्मा ने कहा, नहीं, मुझे कोई सपोर्ट नहीं मिला। मैं इस इंडस्ट्री से नहीं आई थी। मेरा कोई कनेक्शन नहीं था। एक्ट्रेस आज जहां हैं उसके लिए वह अपनी किस्मत और अपनी मां को श्रेय देती हैं। करिश्मा ने आगे कहा, मेरे करियर में भाग्य ने बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके साथ ही मेरी कड़ी मेहनत, मेरे सपने और मेरे जुनून ने मेरे सपने सच किए। मैं एक बात को लेकर साफ थी कि मैं कुछ बनना चाहती हूं, जिससे मुझे अलग पहचान मिले।

### इम्तियाज अली की चमकीला से परिणीति चोपड़ा की पहली झलक आई सामने, नया गाना भी जारी

इम्तियाज अली मौजूदा वक्त में अपनी आगामी फिल्म चमकीला को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म पंजाबी गायक अमर सिंह चमकीला की बायोपिक होगी।इसमें दिलजीत दोसांझ और परिणीति चोपड़ा की जोड़ी बनी है, जिसे पहली बार देखा जाएगा।अब चमकीला का परिणीति की पहली झलक सामने आ चुकी है, जिसमें वह दिलजीत के साथ नजर आ रही हैं।इसके साथ निर्माताओं ने इश्क मिटाये (पहला गाना) के बाद फिल्म का दूसरा गाना नरम कालजा जारी कर दिया है।

नरम कालजा को अलका याग्निक, ऋचा शर्मा, पूजा तिवारी और याशिका सिक्का ने मिलकर गाया है तो वहीं गाने के बोले इरशाद कामिल ने लिखे हैं।यह गाना महिला दर्शकों के बीच चमकीला की लोकप्रियता का जश्न मनाता है। महिलाओं के बीच चमकीला की दीवानगी अलग ही स्तर पर थी।

## आईपीएल 2024 : दुबई में खेला जाएगा आईपीएल 2024 का दूसरा भाग?

नईदिल्ली, इंडियन प्रीमियर लीग 2024 की तारीखें जैसे–जैसे नजदीक आ रही हैं, वैसे–वैसे फैंस के बीच उत्साह भी बढ़ता जा रहा है. बीसीसीआई ने फिलहाल आईपीएल 2024 के शुरुआती 17 दिनों का शेड्यूल ही जारी किया है, जिसमें खेले जाने वाले 21 मुकाबले भारत में ही होंगे. लेकिन, अब बड़ी अपडेट सामने आ रही है कि आईपीएल 2024 के बचे हुए सभी मुकाबले यूएई में खेले जा सकते हैं. हालांकि, अभी तक इस मामले में आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आ सकी है...भारतीय क्रिकेट बोर्ड आईपीएल 2024 को सफल बनाने के लिए तैयारियों में जुटी हुई है. बोर्ड की ओर से शुरुआती 17 दिनों का शेड्यूल भी जारी हो चुका है. मगर, अब खबरें आ रही हैं कि दूसरे फेज के मुकाबले बीसीसीआई भारत के बजाए दुबई में आयोजित कर सकता है. रिपोर्ट्स की मानें, तो आईपीएल 2024 का दूसरा भाग यूएई में खेला जा सकता है. हालांकि, ये तभी संभव है, जब मैच की तारीखें और चुनाव की तारीखें



मैच होंगी या आस–पास होंगी. दरअसल, लोकसभा चुनाव के चलते बीसीसीआई को ये फैसला लेना पड़ सकता है. हालांकि, अब तक लोकसभा चुनाव की तारीखें सामने नहीं आई हैं. ऐसे में बोर्ड अपना फैसला चुनाव की तारीखों के आने के बाद ही ले सकेगा. इससे पहले 2009 में भी आम चुनाव के कारण आईपीएल के दूसरे सीजन को भारत के बाहर साउथ अफ्रीका में खेला गया था. यदि बीसीसीआई आईपीएल 2024 के दूसरे भाग को यूएई में आयोजित करता है, तो इसमें चौकने वाली बात नहीं होगी. इससे पहले जब कोरोना वायरस महामारी के कारण दुनिया थम गई थी, तब बोर्ड ने दुबई, शारजाह और अबुधाबी में ही आईपीएल 2020 के बचे हुए मुकाबले आयोजित किए थे. इतना ही नहीं आईपीएल 2014 के सीजन का पहला मैच अबुधाबी में खेला गया था. फिर शारजाह और दुबई में मैच खेले गए थे. 2014 सीजन के 20 मैच यूएई में आयोजित हुए थे. इसके बाद सभी मैच भारत में खेले गए. बताते चलें, बीसीसीआई द्वारा जारी आईपीएल शेड्यूल के मुताबिक 22 मार्च से आईपीएल 2024 की शुरुआत होने वाली है, जिससका पहला मैच चेन्नई सुपर किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के बीच खेला गया.

# सड़क निर्माण में लापरवाही, समतल के लिए खोद रहे पहाड़

### द्वारीखाल ब्लॉक में बिरमोली से सुराड़ी तक बनाई जा रही सड़क



द्वारीखाल ब्लाक के सुराड़ी में सड़क निर्माण में बरती जा रही लापरवाही का विरोध करते ग्रामीण

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : द्वारीखाल ब्लॉक के अंतर्गत बिरमोली से सुराड़ी तक बन रही सड़क पर ग्रामीणों ने सवाल खड़े किए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि संबंधित ठेकेदार सड़क को समतल करने के लिए गांव के ऊपर की पहाड़ी को खोद रहा है। इससे गांव पर खतरा मंडरा सकता है। वहीं, सड़क का मलबा भी गांव के घरों के ऊपर गिर रहा है। ऐसे में भवनों पर भी खतरा पैदा हो गया है।

तहसील लैंसडौन के बिरमोली से सुराड़ी को जोड़न के लिए करीब 25 किलोमीटर सड़क निर्माण का कार्य किया जा रहा है। लेकिन, उक्त सड़क निर्माण कार्य पर ग्रामीण सवाल उठा रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क में भरान के साथ ही समतल करने के लिए ऊपरी पहाड़ी को खोदा जा रहा है। जिससे बरसात के दौरान गांव के ऊपर बोल्डर गिरने का खतरा बन सकता है। वहीं, सड़क के नीचे जो पुश्ते बने थे, उन्हें भी तोड़ दिया गया है। जिससे सड़क का मलबा घरों के ऊपर गिर रहा है। मलबा गिरने से सबसे अधिक खतरा ग्रामीण उत्तम सिंह के भवन को बना हुआ है। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण कार्य स्थल पर पहुंचकर उक्त कार्य को बेहतर तरीके से करने की मांग उठाई। इस मौके पर सोहन नेगी, सौरभ सिंह, दीपक नेगी, हिमांशु नेगी, देवेंद्र, सौरभ सिंह आदि मौजूद रहे।

## एलएनटी कंपनी ने प्रशासन को 100 व्हील चेयर भेंट की

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : रेलवे का काम कर रही एलएनटी कंपनी ने लोकसभा चुनावों को देखते हुए प्रशासन को 100 व्हीलचेयर दी है। जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने कहा कि लोकसभा चुनाव में दिव्यांगों की समुचित भागीदारी हेतु आयोग के निर्देशों का पालन करते हुए दिव्यांग व वृद्ध मतदाताओं के लिए बूथों पर समुचित व्यवस्था की जा रही हैं।

एलएनटी कंपनी ने जो व्हील चेयर दी है इनका उपयोग चुनाव में दिव्यांग मतदाताओं को बूथों पर लाने व ले जाने के लिए किया जाएगा। लोकसभा चुनाव के बाद इन व्हील चेयर को जिले के अलग-अलग क्षेत्र में जरूरतमंदों को वितरित किया जाएगा। कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर सुनील गुप्ता ने बताया कि कंपनी बीते 3 सालों से आस-पास के क्षेत्र में समय-समय पर सामाजिक कार्यों को कर रही है।

# नवयुग में हिमालयन अकेडमी का हुआ शुभारंभ



अकेडमी का शुभारंभ करते सदस्य

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : नवयुग पब्लिक स्कूल पदमपुर मोटाढांग में हिमालयन अकेडमी का शुभारंभ किया गया है। इससे विद्यार्थियों को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने का बेहतर मौका मिलेगा।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की छात्राओं द्वारा मां सरस्वती की वंदना से किया गया। इसके बाद प्रधानाचार्य नीलम नेगी विद्यालय के संस्थापक हुकुम सिंह नेगी ने अकादमी का शुभारंभ किया। द हिमालयन अकेडमी के मुख्य कोच अभिषेक घिल्डियाल व कबड्डी कोच विवेकानन्द व ताइकवाण्डो कोच चारू संगम ने छात्र-छात्राओं को खेल के महत्व के बारे में बताया। मुख्य कोच अभिषेक घिल्डियाल ने छात्र-छात्राओं को खेल के क्षेत्र में संघर्ष करने वाले खिलाड़ियों की जानकारी दी। कहा कि कई खिलाड़ी जो आज मुख्य फलक पर पहुंचे हैं उन्होंने कड़ी मेहनत के बाद यह मुकाम हासिल किया है। द हिमालयन अकेडमी में विभिन्न खेलों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसमें मुख्य रूप में कबड्डी, ताइकवाण्डो, बॉलीवॉल, बास्केट बॉल एवं बेडमिंटन हैं। विद्यालय प्रधानाचार्या नीलम नेगी व विद्यालय संस्थापक हुकम सिंह नेगी ने छात्र-छात्राओं को नये शैक्षिक सत्र हेतु शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विद्यालय प्रबन्धक दिनेश चन्द्र सिंह नेगी आदि मौजूद रहे।

# आईएचएमएस का नाम लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड में हुआ दर्ज

### गत मई को संस्थान के 15 सदस्यों की टीम ने 1:30 घंटे में बनाए थे 251 प्रकार के माकटेल

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : गढ़वाल के प्रमुख इंस्टीट्यूट आफ हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट एंड साइंसेज (आईएचएमएस) कॉलेज ने लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज करा कर प्रदेश और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। आईएचएमएस कॉलेज का नाम लिम्का बुक में दर्ज होने पर कॉलेज प्रबंधन, प्राध्यापकों, स्टाफ और छात्र-छात्राओं में खुशी का माहौल है।गत वर्ष 15 मई को लिम्का रिकॉर्ड की अनुमति से बलभद्रपुर बीईएल रोड स्थित संस्थान में मॉकटेल बनाने के रिकॉर्ड को तोड़ने की तैयारी की गई थी। जिसमें तीन राजपत्रित अधिकारियों और लिम्का रिकॉर्ड के प्रतिनिधि की मौजूदगी में संस्थान के 15 सदस्यों की टीम ने रिकॉर्ड 1:30 घंटे में विभिन्न प्रकार के 251 मॉकटेल बनाए थे। रिकॉर्डिंग और पूरी कार्रवाई करने के बाद दस्तावेज रिकॉर्ड को भेजी गए। लिम्का रिकॉर्ड की जांच के बाद लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड ने एसएमएस कॉलेज का नाम विश्व के सबसे कम समय में 251 प्रकार की मॉकटेल बनाने का रिकॉर्ड दर्ज हो गया। शुक्रवार को संस्थान में बकायदा इसका प्रमाण पत्र प्राप्त हो गया है। संस्थान के एमडी बीएस नेगी ने बताया कि उच्च शिक्षा में गुणवत्ता लाने के लिए संस्थान की ओर से अपना बेहतर प्रयास किया जा रहा है। इससे पूर्व 15 मई 2022 को संस्थान की टीम ने मात्र 2:15 घंटे में 301 प्रकार के लजीज व्यंजन की थाली बनाकर आईएचएमएस का नाम लिम्का बोर्ड का रिकॉर्ड में दर्ज कराया था। संस्थान के ईडी अजयराज नेगी, डायेक्टर एडमिन कर्नल बीएस गुसाईं, डायरेक्टर एकेडमिक डॉ. सुनील कुमार, पीआरओ नरेश थपलियाल समेत सभी प्राध्यापकों ने खुशी व्यक्त करते हुए इसे संस्थान के लिए उपलब्धि बताई।

## राप्रावि खुडीला की छात्रा खुशबू का हिम ज्योति में चयन

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : विकास क्षेत्र द्वारीखाल के राजकीय प्राथमिक विद्यालय खुडीला की छात्रा खुशबू का देहरादून हिम ज्योति विद्यालय के लिए चयन हुआ है। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सुषमा रावत ने बताया कि खुशबू विद्यालय की होनहार छात्रा है। पूर्व में उसका चयन विद्या ज्ञान स्कूल उत्तर प्रदेश के लिए भी हुआ था। छात्रा की इस सफलता पर विद्यालय के अध्यापक व अभिभावकों ने खुशी व्यक्त की है।

## तमिलनाडु से भ्रमण कर वापस श्रीनगर पहुंची यात्रा

श्रीनगर गढ़वाल : शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के एक भारत श्रेष्ठ भारत युवा संगम की चतुर्थ चरण की यात्रा गढ़वाल केंद्रीय विवि के नेतृत्व में तमिलनाडु से भ्रमण कर वापस श्रीनगर पहुंची। इस मौके पर यात्रा में मौजूद शिक्षकों और छात्र-छात्राओं ने गढ़वाल विवि की कुलपति प्रो. अन्नपूर्णा नौटियाल से शिष्टाचार भेंट कर यात्रा के अपने-अपने अनुभव भी साझा किए।

छात्रों ने बताया कि भ्रमण के दौरान उन्हें तमिलनाडु की परंपरा, पर्यटन, प्रौद्योगिकी, प्रगति एवं परस्परा संपर्क से रुबरू होने का मौका मिला। छात्रों ने तमिलनाडु भ्रमण कराने पर शिक्षा मंत्रालय और संगम यात्रा का नोडल संस्थान गढ़वाल विवि का आभार व्यक्त किया। गढ़वाल विवि की कुलपति प्रो. अन्नपूर्णा नौटियाल ने 28 मार्च को उत्तराखंड की यात्रा पर पहुंच रही तमिलनाडु के युवा संगम यात्रा की तैयारियों में जुट जाने को कहा।

# वनों को आग से बचाने में दें सहयोग

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : वन विभाग की ओर से राजकीय महाविद्यालय कोटद्वार के स्वयं सेवियों को वनों की सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान स्वयं सेवियों को फायर ट्रेनिंग भी दी गई।

कहा कि वनों को आग से बचाने के लिए हम सभी को एकजुट होकर कार्य करना होगा। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के विद्यार्थी पनियाली फारेस्ट कार्यालय में पहुंची।

वन विभाग ने स्वयं सेवियों को फायर ड्रिल ट्रेनिंग, फायर ड्रिल की ट्रेनिंग दी। वन कर्मियों ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए वनों की सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण है। कहीं भी वनों में आग लगने पर इसकी सूचना तुरंत वन विभाग को दें। उन्होंने विद्यार्थियों से जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने की भी अपील की। इसके बाद स्वयं सेवियों के लिए वाद-विवाद प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। जिसका शीर्षक नई शिक्षा नीति-2020 रखा गया। इसके पक्ष और विपक्ष में स्वयं सेवियों ने ग्रुप वाइज प्रतिभागिता की। जिसमें पक्ष में स्वयंसेवी नंदिनी, गौतम नेगी, पूजा क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर रहे। वहीं विपक्ष में आयुष तिवारी, रश्मि और गौरव क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रोशनी असवाल ने नई शिक्षा नीति के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. संजीव कुमार ने नई शिक्षा नीति के रूपरेखा पर अपने विचार प्रस्तुत किये। कार्यक्रम के अंत में डॉ. सरिता चौहान ने नई शिक्षा नीति की सराहना करते हुए कहा कि इससे शिक्षा में ढांचागत परिवर्तन आएगा। कार्यक्रम का संचालन स्वयंसेवी दीपक कोटनाला द्वारा किया गया।

## राष्ट्रीय स्तरीय बेसबाल के लिए टिहरी के सात खिलाड़ी चयनित

टिहरी : राष्ट्रीय बेसबाल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए उत्तराखंड की टीम में जनपद टिहरी गढ़वाल से सात खिलाड़ियों का चयन हुआ है। चयनित खिलाड़ियों को शुभकामनायें दी गई हैं।

टिहरी बेसबाल एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष कमल नयन रतूड़ी ने बताया कि एमेच्योर बेसबाल फेडरेशन आफ इंडिया के तत्वावधान में राष्ट्रीय जूनियर बेसबॉल चैंपियनशिप 2024 का 22 से 26 मार्च तक अकाल कालेज काउंसिल मस्ताना साहिब संगरूर पंजाब में किया जा रहा है।

पूर्व की भांति इस वर्ष भी जनपद टिहरी गढ़वाल के खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए नवदीप चौहान, हर्षित चौहान, अध्ययन कठैत, शाश्वत चौहान, विमल प्रभाकर, ईशान बधाणी व शुभम प्रभाकर ने नेशनल खेलने के लिए उत्तराखंड की बेसबाल टीम में अपनी जगह बनाई है। सचिव यजुवेंद्र चौहान ने बताया कि संगरूर पंजाब में राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने से पूर्व उत्तराखंड बेसबाल संगठन के तत्वानधान में 17 से 21 मार्च तक चयनित टीम का प्रशिक्षण कैंप परेड ग्राउंड देहरादून में आयोजित किया जाएगा।

(एजेंसी)

# काश्तकारों की फसल बर्बाद कर रहे आवारा गोवंश



कोटद्वार नगर निगम में सहायक नगर आयुक्त को ज्ञापन देते काश्तकार

### कुंभीचौड़, विशनपुर सहित आसपास के काश्तकारों ने दिया निगम को ज्ञापन

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : क्षेत्र में लगातार बढ़ रही आवारा गोवंशों की संख्या आमजन के साथ ही काश्तकारों के लिए भी मुसीबत बन रही है। आए दिन गोवंश काश्तकारों के खेतों में पहुंचकर उनकी मेहनत से लगाई गई फसल को बर्बाद कर रहे हैं। आक्रोशित काश्तकारों ने नगर निगम से आवारा गोवंशों के आतंक से निजात दिलवाने की मांग की है।

कहा कि फसल बर्बाद होने से काश्तकारों को अर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। शनिवार को कुंभीचौड़, विशनपुर, नाथूपुर, जीतपुर, रामपुर के काश्तकार नगर निगम में पहुंचे। जहां उन्होंने निगम को ज्ञापन देते हुए अपनी समस्या से अवगत करवाया। पूर्व प्रधान दीपक पांडे ने बताया कि पिछले कुछ वर्षों से क्षेत्र में आवारा गोवंशों की संख्या बढ़ती जा रही है। आए दिन गौवंश काश्तकारों की खड़ी फसल को नष्ट कर रहे हैं, जिससे काश्तकारों को रात भर अपने खेतों की रखवाली करनी पड़ रही है, जिससे काश्तकारों रात भर जागने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। कई बार नगर निगम को निराश्रित गोवंश से निजात दिलाने की मांग की जा चुकी है, लेकिन नगर निगम प्रशासन कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर पा रहा है। काश्तकारों ने गौवंश को लेकर कार्रवाई न किए जाने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। इस मौके पर शांति देवी, लक्ष्मी देवी, भगत सिंह, पूनम देवी, देवेंद्र सिंह, ऊषा देवी, रिंकी देवी, बबली देवी, कलावती देवी मौजूद रहे।




# प्रतिभागियों ने सीखें सेब की खेती के गुर

जयन्त प्रतिनिधि। थलीसैंण : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय थलीसैंण में देवभूमि उद्यमिता योजना के अन्तर्गत आईक्यूएसी और कैरियर काउंसिलिंग सेल के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित 12 दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम के छठवें दिवस पर प्रसिद्ध बागवान और उद्यमी कुन्दन सिंह ने प्रतिभागियों को सेब की कृषि के लिए आवश्यक दशाओं, आधारभूत संरचना, सेब की प्रजातियों, उत्पादन, लागत और सरकारी सहयोग के विषय में विस्तार पूर्वक बताया। दूसरे सत्र में सुधीर परमार, उद्यमिता विकास संस्थान, अहमदाबाद ने प्रतिभागियों को ई कॉमर्स तथा भारत में प्रमुख ई कामर्स कम्पनियों के विषय में जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर समस्त शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।


## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती शोभा देवी पत्नी नरेन्द्र देवरानी द्वारा मुझे दिनांक 04-04-2022 को ग्राम ध्रुवपुर, पट्टी सुखरो, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल के खसरा संख्या 10क मध्ये 0.012 हैक्टेयर/1300 वर्गफीट भूमि जरिये पंजीकृत दाननामा दान की गई है। उक्त भूमि श्रीमती शोभा देवी द्वारा श्रीमती मीना देवी पत्नी संजय रावत से जरिए पंजीकृत बयनामा दिनांक 18-09-2012 के जरिय क्रय की गयी थी। उक्त भूमि श्रीमती मीना देवी द्वारा श्री राजेन्द्र सिंह रावत पुत्र बुथाड़ सिंह रावत से जरिए पंजीकृत बयनामा दिनांक 20-06-2012 के जरिए क्रय की गयी थी।

उक्त भूमि भी श्री राजेन्द्र सिंह रावत द्वारा श्री मोहन सिंह रावत पुत्र श्री ख्यात सिंह से जरिए पंजीकृत बयनामा दिनांक 5-03-2009 के जरिए क्रय की गयी थी। उपरोक्त चार पंजीकृत विलेखों में से दो मूल बयनामें दिनांक 20-06-2012 एवं 5-03-2009 मुझसे कहीं खो गए हैं जो काफी खोजबीन के बावजूद नहीं मिल पा रहे हैं। इस सन्दर्भ में कोतवाली कोटद्वार में मेरे द्वारा 20-12-2022 को गुमशुदगी पंजीकृत करवायी गयी है। मेरे द्वारा उक्त भूमि पर उत्तराखण्ड ग्रामीण बैंक से ऋण हेतु आवेदन किया जा रहा है। यदि किसी सर्वजन को इस सन्दर्भ में कोई आपत्ति हो तो उत्तराखण्ड ग्रामीण बैंक लालपुर कोटद्वार से सम्पर्क करें।

**नरेश सिंह पुत्र श्री गौर सिंह निवासी ग्राम खड़कोली, पट्टी मल्ला बदलपुर, सतपुली हाल निवासी ग्राम ध्रुवपुर, पट्टी सुखरौ, तहसील कोटद्वार गढ़वाल।**

(1699/21)


# दिव्यांग व बुजुर्ग मतदाताओं की प्रशासन करेगा मदद



जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत जनपद के समस्त विकासखंड़ों में मतदाताओं को मतदान के लिए विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है। साथ ही गांव से बाहर रह रहे मतदाताओं से संपर्क कर उन्हें अपने ही गांव में मतदान करने की अपील भी की जा रही है।

जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने जनपद के समस्त मतदाताओं से आगामी लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि दिव्यांग व बुजुर्ग मतदाताओं के लिए मतदान केंद्र तक लाने व घर छोड़ने के लिए उनकी आवश्यतानुसार पूरी व्यवस्था की जायेगी। शनिवार को जागरूक कार्यक्रम के तहत जनपद के अंतर्गत विभिन्न स्कूलों में छात्र-छात्राओं द्वारा मेहंदी, रंगोली, पोस्टर तथा रैली निकालकर मतदाताओं को जागरूक किया गया। वहीं समस्त विकासखंडों में खंडविकास अधिकारियों व अन्य अधिकारियों द्वारा मतदाताओं को मतदान की शपथ दिलाई गई। इस दौरान संबंधित अधिकारियों द्वारा शपथ के दौरान समस्त मतदाताओं को आगामी लोकसभा चुनाव में शतप्रतिशत मतदान करने को कहा। इसके अलावा कल्जीखाल के कलेथ गांव में जगमोहन सिंह रावत ने ग्रामीणों को मतदान की शपथ दिलाते हुए कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक संख्या में मतदान करें तथा आपपास के लोगों भी जागरूक करें।

# विद्यार्थियों को डीपीआर के बारे में दी जानकारी




महाविद्यालय में आयोजित कार्यशाला में भाग लेते विद्यार्थी

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : राजकीय महाविद्यालय कण्वघाटी में आयोजित उद्यमिता विकास कार्यक्रम में विद्यार्थियों को डीपीआर के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान विद्यार्थियों को स्वरोजगार अपनाने के लिए भी प्रेरित किया गया।

11 दिन की कार्यशाला का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डा. विजय कुमार अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित कर किया।

उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए स्वरोजगार पर ध्यान देना होगा। स्वरोजगार से हम स्वयं की आर्थिकी को मजबूत बना सकते हैं। देवभूमि उद्यमिता योजना देहरादून से आए हुए रिसोर्स पर्सन सिद्धार्थ रावत ने स्वरोजगार शुरू करने के तरीके बताए। नोडल अधिकारी देवभूमि उद्यमिता योजना डॉ. विनय देवलाल द्वारा सभी प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को प्राथमिक परियोजना प्रपत्र प्रारूप के विषय में संक्षिप्त मार्गदर्शन दिया गया। कार्यक्रम में ईडीआई विशेषज्ञ सिद्धार्थ रावत ने डीपीआर के विषय में विस्तृत जानकारी दी। प्रतिभागियों की डीपीआर तैयार करवाई। इस मौके पर डॉ. उषा सिंह, मनीषा सरवालिया, आशीष कुमार आदि उपस्थित रहे।


## अदालती सूचना

**न्यायालय जिला जज महोदय पौड़ी गढ़वाल**
**संरक्षक वाद संख्या 37 सन् 2023**
**श्री राजेन्द्र नाथ - प्रार्थी**
**बनाम**
**श्रीमती बसन्ती देवी तथा अन्य - विपक्षीगण**

समन बनाम - श्रीमती रूपा देवी पुत्री श्री बीरेन्द्र सिंह पत्नी स्व0 अशोक कुमार, निवासी ग्राम बगोडा, पो0ऑ0 कोलाखाल, तहसील रिखणीखाल, जिला पौड़ी गढ़वाल।

चूंकि प्रार्थी ने मेरे न्यायालय में एक प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 10 प्रतिपाल्य एवं संरक्षक अधिनियम 1890 के तहद स्वयं को नाबालिग कृष्ण कुमार एवं करण कुमार पुत्रगण स्व0 अशोक कुमार निवासी ग्राम भीमसिंहपुर, पो0ऑ0 कलालघाटी, निकट पशु चिकित्सालय, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल का गार्जियन नियुक्त करवाने बाबत् प्रस्तुत किया है। लिहाजा आपको आदेशित किया जाता है कि आप दिनांक 19.04.2024 को बवक्त 10 बजे दिन मेरे न्यायालय स्थान कोटद्वार में हाजिर आकर मामले में जवाबदेही करें। अन्यथा मामले में एक पक्षीय कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।

मेरे हस्ताक्षर व मुहर अदालत के आज दिनांक 15-03-2024 को जारी किया गया।

**न्यायालय जिला जज पौड़ी गढ़वाल।**


# आबादी के बीच झाड़ियों में धधकी आग, मची अफरा-तफरी



गिवईस्रोत में लगी आग पर काबू पाते दमकल कर्मी

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : शनिवार सुबह गिवईस्रोत मोहल्ले में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब आबादी के बीच खाली एक प्लाट की झाड़ियों में अचानक आग लग गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची दमकल की टीम ने आग पर काबू पाया। जिससे क्षेत्र में एक बड़ा हादसा होने से बच गया।

घटना शनिवार सुबह करीब 11 बजे की है। अचानक भड़की आग की लपटें इतनी भयंकर थी कि वह आसपास के भवनों से ऊपर तक उठ रही थी। आनन-फानन में मोहल्लेवासी घरों से बल्टियों में पानी भरकर आग बुझाने के लिए लिए पहुंचे। लेकिन, लाख प्रयास के बाद भी वह आग पर काबू नहीं पा सके। सूचना के बाद पहुंची दमकल टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। यदि समय रहते आग नहीं बुझाई जाती तो आसपास के भवनों को भी खतरा हो सकता था।

# नवनियुक्त एसएसपी लोकेश्वर सिंह ने संभाला कार्यभार



नवनियुक्त एसएसपी लोकेश्वर सिंह अधिनस्थ अधिकारी से जानकारी लेते हुए।

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : नवनियुक्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लोकेश्वर सिंह ने पौड़ी मुख्यालय पहुंचकर कार्यभार ग्रहण कर लिया। 2014 बैच के आईपीएस अफसर लोकेश्वर सिंह इससे पहले पिथौरागढ़ जिले के एसएसपी थे। शासन ने पौड़ी की कप्तान श्वेता चौबे का तबादला पुलिस मुख्यालय करते हुए लोकेश्वर सिंह को पौड़ी भेजा था। लोकेश्वर सिंह, इससे पहले अपर पुलिस अधीक्षक देहरादून, एसपी यातायात देहरादून, एसपी बागेश्वर, एसपी एलआईयू और एसपी चम्पावत भी रह चुके है। पौड़ी मुख्यालय पहुंचने पर एसएसपी लोकेश्वर सिंह ने अफसरों से जिले की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

# पुण्य तिथि पर शहीद मुकेश पाण्डे को किया याद



जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : विकासखंड कल्जीखाल के ग्राम कलेथ के शहीद मुकेश कुमार पांडे को उनकी 28वीं पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजली दी।

शनिवार को कलेथ गांव में गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर शहीद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर सभी गणमान्य अतिथियों एवं परिजनों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। 1997 में पूर्वोत्तर में ऑपरेशन रक्षक में आतंकवादियों के विरुद्ध की गई कार्रवाई में मात्र 23 साल की उम्र में मुकेश कुमार पांडे ने देश के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया था। इस अवसर पर पूर्व सैनिक कल्याण पुनर्वास केंद्र पौड़ी के क्षेत्र अधिकारी राकेश रावत, पूर्व सैनिक संजय रावत, सज्जन सिंह नेगी, आरपी नैथानी, संतोष नैथानी, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता अशोक रावत, पूर्व प्रधान सैनार प्रेम सिंह नेगी, पूर्व प्रधान अनिल डोभाल, कार्यक्रम अध्यक्ष ग्राम प्रधान कलेथ श्रीमती गीता देवी पांडे ने शहीद को श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस अवसर पर गांव के मंदिर में हवन पूजा एवं विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन सामाजिक कार्यकर्ता जगमोहन डांगी ने किया। इस अवसर पर रीना भट्ट, प्रकाश चंद्र पांडे, गीता देवी, रोशन पांडे, राकेश पांडे, सुरेश शर्मा सहित स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## पीएलवी ने दिलाई मतदान की शपथ

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पीएलवी जगमोहन डांगी ने ग्रामीणों को विधि जन जागरूकता की जानकारी दी। साथ ही उन्होंने लोकतंत्र में भागीदारी जरूरी के तहत उपस्थित लोगों को मतदान की शपथ भी दिलाई। कहा कि सभी मतदाताओं को गर्व के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। सभी मतदाताओं को बिना लालच के मत डालने को प्रेरित किया जा रहा है।

## भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा की टॉपर बनीं हिमांशी

श्रीनगर गढ़वाल : शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के जूनियर वर्ग में आरसी मैमोरियल पब्लिक स्कूल उफल्डा की हिमांशी सोलंकी ने जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

तहसील स्तर पर भूमि खत्री ने प्रथम तथा योगिता जयाड़ा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राइमरी वर्ग में आयुष्मान भट्ट ने तहसील स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

शांतिकुंज हरिद्वार की सदस्य प्रेमलता कालड़ा और सरोज रावत ने चयनित बच्चों को सम्मान पत्र व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका कुसुमलता बिष्ट सहित आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

# पुलिस ने शुरू की बीस बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने की मुहिम

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : पुलिस के ऑपरेशन मुक्ति भिक्षा नहीं शिक्षा दें अभियान के तहत पौड़ी पुलिस ने आर्थिक रूप से कमजोर व शिक्षा से वंचित 20 बच्चों को मुख्य धारा से जोड़ने की मुहिम शुरू की है। जल्द ही इन बच्चों का दाखिल स्कूलों में कराया जाएगा।

पुलिस ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों में 20 ऐसे बच्चों को चिह्नित किया है जो कई कारणों से स्कूल नहीं जा पा रहे हैं और शिक्षा से भी वंचित हैं। ये बच्चे अधिकतर पौड़ी के कोटद्वार और लक्ष्मणझूला क्षेत्र में पुलिस ने चिह्नित किए हैं।

अफसरों के मुताबकि ये वे बच्चे है जिनके परिजन एक जगह न रहकर घूम-घूमकर अपने परिवार का भरण पोषण करते है। ऐसे में बच्चे भी उन्हीं के साथ घूमते रहते है और स्कूलों में उनका दाखिला नहीं हो पाता है। बताया कि अब इन बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए स्कूलों में दाखिला दिलवाया जाएगा ताकि वे शिक्षा से वंचित न रहे और अन्य बच्चों की भांति मुख्य धारा में जुड़ सके। जिले की पुलिस लगातार अभियान चलाकर बाल भिक्षावृत्ति एवं मानव तस्करी के प्रति आम जनमानस को जागरूक कर रही है।

## निबंध में मनीष और प्रश्नोत्तरी में अमिषा ने मारी बाजी

टिहरी : धर्मानंद उनियाल राजकीय महाविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग एवं अर्थशास्त्र विभाग द्वारा संयुक्त रूप में विभागीय परिषद के कार्यक्रमों का आयोजन किय। परिषदीय कार्यक्रमों के अंतर्गत लैंगिक रुढ़िता पर निबंध प्रतियोगिता, एकल गायन, सामूहिक गान, सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता तथा प्रश्नोत्तरी प्रतयोगिता का आयोजन किया गया। विजेताओं को प्राचार्य प्रो. उभान ने मौके पर पुरस्कृत कियानिबंध प्रतियोगिता में मनीष दिलवाल, अंशिका मौर्या तथा अपर्णा पुंडीर ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में अमीषा पुंडीर, आर्यन तथा मनीष दिलवाल ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया। लैंगिक रुढ़िवादिता पर आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता में अंशिका मौर्य, अपर्णा पुंडीर तथा मनोज ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो. राजेश कुमार उभान ने कहा कि मनोविज्ञान और अर्थशास्त्र जैसे विशिष्ट विषयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं द्वारा बहुत सुंदर और प्रासंगिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जो सभी के लिए अनुकरणीय है। आईक्यूऐसी के समन्वयक डा. देवेंद्र कुमार ने भी छात्र-छात्राओं की प्रस्तुतियों की सराहना की। सर्वाधिक अंक तथा सर्वाधिक उपस्थिति के लिए बीए चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा नीतू नेगी तथा गिटार पर सुंदर प्रस्तुति के लिए अभिषेक पंवार और महेश को विशेष रूप से पुरस्कृत किया गया।

# लोकसभा चुनाव की सभी तैयारियां पूरी : खुराना



जयन्त प्रतिनिधि।चमोली : लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की आचार संहिता जनपद में प्रभावी हो गई है। जानकारी देते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी हिमांशु खुराना ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि भारत चुनाव आयोग के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार उत्तराखंड में 19 अप्रैल 2024 को मतदान प्रक्रिया संपन्न कराई जाएगी। जिसके लिये चमोली जनपद में सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी हिमांशु खुराना ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की जानकारी देते हुए बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार राज्य में 20 मार्च 2024 को अधिसूचना जारी की जाएगी। जबकि 27 मार्च को नाम निर्देशन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि, 28 मार्च को नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा, 30 मार्च तक नाम वापसी के बाद 19 अप्रैल को संसदीय सीट पर मतदान प्रक्रिया संपन्न करवाई जाएगी। जिसके बाद 4 जून को मतगणना कार्य किया जाएगा। साथ ही उन्होंने बताया कि जनपद में शत प्रतिशत मतदान के लिये जहां स्वीप की ओर विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। वहीं दिव्यांग और 85 से अधिक आयु वाले मतदाताओं को स्वयं सेवकों के माध्यम से बूथ तक लाने की सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। मतदाताओं को मतदान के लिए निर्वाचन आयोग की ओर से 12 विभिन्न दस्तावेजों को वैधता प्रदान की गई है। जिनके माध्यम से मतदाता बूथ पर मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी विवेक प्रकाश भी मौजूद थे।

## पानी के टैंक को दिए दो लाख रुपये

रुद्रप्रयाग : जिला पंचायत सदस्य शीला रावत ने जसोली क्षेत्र में स्थित प्राथमिक विद्यालय कोट तल्ला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बच्चों की शैक्षिक प्रगति पर खुशी जताई साथ ही बच्चों से कई सवाल जवाब किए। विद्यालय के प्रधानाध्यापक सतेंद्र भण्डारी ने बताया कि विद्यालय में शिक्षा के साथ, बागवानी, फुलवारी, मछली पालन आदि सभी कुछ बच्चों को सीखाया जा रहा है।

जिला पंचायत ने विद्यालय में पानी के टैंक के लिए दो लाख की धनराशि की घोषणा की। विद्यालय प्रबंधन समिति एवं विद्यालय परिवार ने शीला रावत का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता विक्रांत चौधरी, सहायक अध्यापक सुखदीप चौहान, उषा चौधरी आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

# बिना सत्यापन के अस्लाह एवं आयुध की बिक्री न करें

## एडीएम और सीओ ने किया गन हाउसों का निरीक्षण

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : लोकसभा चुनावों को लेकर प्रशासन ने अपने स्तर से तैयारियां तेज कर दी है। आगामी लोक सभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत अपर जिलाधिकारी एवं पुलिस उपाधीक्षक सदर पौड़ी द्वारा अस्लाह एवं आयुध विक्रेताओं की दुकानों का संयुक्त निरीक्षण किया गया।

इस दौरान अफसरों ने अनजान व्यक्ति को आयुध की बिक्री न करने हेतु सख्त हिदायत दी।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी लोकेश्वर सिंह द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारियों को प्रशासन से समन्वय स्थापित करते हुए अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत स्थित अस्लाह एवं आयुध विक्रेताओं की दुकानों का भौतिक रुप से निरीक्षण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी क्रम में शनिवार को अपर जिलाधिकारी पौड़ी श्रीमती इला गिरी व क्षेत्राधिकारी सदर पौड़ी अनुज कुमार द्वारा कोतवाली पौड़ी क्षेत्रान्तर्गत स्थित गन हाउसों का निरीक्षण कर कारतूस व गोला बारुद के रख-रखाव व उनसे संबंधित अभिलेखों का अवलोकन कर संचालकों को हिदायत दी गयी कि किसी भी व्यक्ति को बिना सत्यापन के अस्लाह एवं आयुध की बिक्री न करें।



# चुनाव डयूटी में लगे सभी कार्मिक गंभीरता से कार्य करें

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : सामान्य लोकसभा चुनाव-2024 की आदर्श आचार संहिता अमल में आते ही जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने जनपद के समस्त नोडल अधिकारियों तथा कंट्रोल रूम, स्थैटिक टीमों, फ्लाईंग स्क्वाड, समस्त रिटर्निंग, सहायक रिटर्निंग अधिकारियों तथा चुनाव में लगे समस्त कार्मिकों को निर्देशित किया कि वे तत्काल प्रभाव से अपने दायित्वों को गंभीरता से संपादित करना प्रारंभ करें। उन्होंने निर्देशित किया कि आदर्श आचार संहिता के मानक के अनुरूप 24 घंटे, 48 घंटे और 72 घंटे की अवधि के दौरान जो भी प्रवर्तन की कार्यवाही की जानी है तत्काल पूर्ण करें। उन्होंने सभी सरकारी कार्यालयों और परिसरों के साथ-साथ सार्वजनिक स्थानों से राजनैतिक प्रकृति की सामाग्री को हटाने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी से सार्वजनिक अपील भी की है कि आदर्श आचार संहिता अमल में आ चुकी है अतः सभी लोगों से अपेक्षा की जाती है कोई भी ऐसा कार्य ना करें जिससे चुनाव की और लोकतंत्र की गरीमा का किसी भी प्रकार से हास हो। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन करवाया जायेगा। जनपद पौड़ी गढ़वाल में कुल मतदाताओं की संख्या 574103 है। जिसमें से पुरूष 294128, महिला 279966 तथा थर्ड जैंनडर 09 हैं। 18-19 आयु पूर्ण कर चुके मतदाताओं की संख्या 12527 है। जिसमें 6816 युवा, 5710 युवतियां व थर्ड जैंनडर 01 है।




## दुर्गाधार चोपता में निकाला फ्लैग मार्च

रुद्रप्रयाग : तल्लानागपुर क्षेत्र के दुर्गाधार चोपता में अगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए पुलिस ने अर्द्धसैनिक बलों के साथ फ्लैगमार्च निकाला। आमजन में सुरक्षा का भाव पैदा करने के उद्देश्य तथा जनता को बिना किसी दबाव के अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। शनिवार को प्रभारी निरीक्षक कोतवाली रुद्रप्रयाग राजेन्द्र सिंह रौतेला के नेतृत्व में पुलिस ने पैरामिलिट्री फोर्स (आईटीबीपी) तथा फायर सर्विस के साथ चौकी दुर्गाधार क्षेत्रान्तर्गत चोपता, दुर्गाधार, सतेराखाल में फ्लैग मार्च किया गया। फ्लैग मार्च के दौरान आम जनमानस से आगामी लोकसभा चुनाव के दौरान किसी राजनैतिक पार्टी के दबाव में आए बिना, अधिक से अधिक एवं निर्भिक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की।

# होटल के अंदर घुसा बेकाबू डंपर, चालक सहित तीन घायल

टिहरी : ऋषिकेश-बदरीनाथ राजमार्ग पर रेलवे निर्माण कंपनी का डंपर ब्रेक फेल होने से तीन धारा में एक होटल के भीतर घुसकर पलट गया। पत्थरों से भरे डंपर के होटल में घुसने से होटल के दो कर्मचारियों सहित चालक घायल हो गए। पुलिस टीम ने सभी घायलों को सीएचसी बागी में उपचार को भर्ती कराया। चौकी प्रभारी बछेली खाल दीपक लिंगवाल ने बताया कि शनिवार सुबह करीब 11 बजे ऋषिकेश से भारी पत्थर भरकर देवप्रयाग में रेलवे साइट पर जा रहा डंफर बेकाबू होकर एक होटल की ओर पलट गया। इससे यहां मौजूद सुरेश कोटियाल पुत्र चिरंजी लाल ग्राम कोटी व हनुमंत सिंह पुत्र भगवान सिंह निवासी ग्राम दनाडा घायल हो गए। जबकि वाहन चालक रवि पुत्र सुरेश कल्लुवाला निवासी जिला बिजनौर भी घायल हो गया। सभी घायलों को पुलिस ने सीएचसी बागी, देवप्रयाग उपचार के लिए पहुंचाया गया। सभी को सीएससी बागी से श्रीनगर रेफर किया गया है। पुलिस टीम ने राजमार्ग को यातायत के लिए खोल दिया है। (एजेंसी)

## खाद्य सुरक्षा टीम ने भरे 18 सैंपल

नई टिहरी : होली के त्योहार के मद्देनजर खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने मिलावटी खाद्य पदार्थों के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाते हुए सैंपल भरे। टीम ने दूध, पनीर, घी, तेल सहित अन्य 18 खाद्य पदार्थों के सैंपल भरते हुए जांच के लिए लैब में भेजे। चेकिंग में मिले 22 किलो खुले पनीर को मौके पर ही नष्ट किया गया। खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने अभिहीत अधिकारी आरएम पाल के नेतृत्व में नरेंद्रनगर के आमसेरा व सेलूपानी से लेकर तपोवन तक आपूर्ति वाहनों को रोकते हुए जांच की। इस दौरान टीम ने मिठाई, दूध, पनीर, घी, तेल, बेकरी उत्पादों सहित कुल 18 से अधिक सैंपल भरते हुए जांच को लैब में भेजे। अभिहीत अधिकारी ने बताया कि, चेकिंग में मिले 22 किलो खुले पनीर को मौके पर ही नष्ट किया गया।

# तहसीलदार के आश्वासन के बाद ग्रामीणों का धरना स्थगित

नई टिहरी : लंबित जाजल शिवपुरी मोटर मार्ग निर्माण के लिए बीते एक सप्ताह से धरने पर बैठे ग्रामीणों ने तहसीलदार नरेंद्रनगर के आश्वासन के बाद अपना धरना स्थगित कर दिया। तहसीलदार ने लोनिवि अधिकारियों को बनी हुई सड़क का सुधारीकरण के निर्देश दिए। बीते 17 वर्षों से अपूर्ण जाजल-शिवपुरी मोटर मार्ग निर्माण को लेकर क्षेत्रीय ग्रामीण बीते 10 मार्च से धरने पर बैठे थे। शनिवार को नरेंद्रनगर तहसीलदार अयोध्या प्रसाद उनियाल लोनिवि ईई विनय कुमार के साथ आंदोलनकारियों के साथ वार्ता को पहुंचे। जहां ग्रामीणों के साथ हुई वार्ता में ग्रामीणों व विभाग के मध्य कुछ बिंदुओं पर सहमती बनी और प्रशासन की ओर से जल्द ही सड़क को पूरा करने का आश्वासन दिया गया। जिसके बाद ग्रामीणों ने अपना धरना स्थगित कर दिया। संघर्ष समिति के अध्यक्ष दिनेश राणा ने कहा कि, प्रशासन के आश्वासन पर सभी ग्रामीणों ने अपना धरना स्थगित कर दिया। लेकिन भविष्य में उनकी मांगों पर कोई कार्रवाई नहीं होती है तो तो फिर से आंदोलन को बाध्य होंगे। मौके पर शीशपाल सजवाण, राजवीर भंडारी, अनिल भंडारी , सरदार सिंह पुंडीर, वीरेंद्र सिंह कंडारी, होशियार सिंह रावत, पूरन सिंह पुंडीर, जिपंस दयाल सिंह रावत, दर्शनी देवी, रीना देवी आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## मैखंडा में 80 घोड़े-खच्चरों के लाइसेंस बने

रुद्रप्रयाग : जिला पंचायत एवं पशुपालन विभाग द्वारा शनिवार को मैखंडा में शिविर लगाकर 80 घोड़े खच्चरों का लाइसेंस बनाए गए। जबकि अब तक केदारनाथ यात्रा के लिए कुल 580 घोड़े खच्चरों का पंजीकरण कर लाइसेंस बनाए जा चुके हैं। केदारनाथ धाम की यात्रा के लिए तैयारियां शुरू हो गई हैं। न्याय पंचायत फाटा के मैखंडा में आयोजित शिविर में मैखंडा, खाट, खड़िया, जामू, धानी एवं रैल गांव के खच्चर स्वामी पहुंचे। शिविर में पशुपालन विभाग की टीम ने घोड़े-खच्चरों का स्वास्थ्य प्रमाण पत्र, बीमा, ग्लैण्डर्स रोग की सैंपलिंग के साथ पशु के शरीर के अंदर टैग लगाया। जिसके बाद जिला पंचायत विभाग ने 80 घोड़े खच्चरों का पंजीकरण कर लाइसेंस जारी किए। पांच दिन में 580 घोड़े-खच्चरों के लाइसेंस जारी हो गए हैं। साथ ही जी मैक्स की ओर से लाइसेंस जारी होने के बाद उन्हें ऑनलाइन भी किया जा रहा है।

## *चमोली में एसपी सर्वेश ने कार्यभार ग्रहण किया*

चमोली : जिले के नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार ने चमोली में कार्यभार ग्रहण कर अधीनस्थों के साथ बैठक की। सर्वेश पंवार 2019 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। चमोली एसपी पद पर तैनाती से पूर्व सर्वेश पंवार पुलिस अधीक्षक अपराध देहरादून तथा पुलिस अधीक्षक यातायात देहरादून जैसे महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्त रहे हैं। उधर, चमोली की तत्कालीन पुलिस अधीक्षक रेखा यादव के स्थानान्तरण पर उन्हे विदाई दी गई। पुलिस कार्यालय में आयोजित विदाई समारोह में जिले के सभी थाना, शाखा प्रभारी पुलिस लाईन, पुलिस कार्यालय के कर्मी मौजूद रहे। (एजेंसी)

# खेलों के माध्यम से होगा एक स्वस्थ समाज व राष्ट्र का निर्माण

## बैडमिंटन एकल बालिका वर्ग में रीना, बालक वर्ग में हिमांक विजेता रहे

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अगस्त्यमुनि की दो दिवसीय अंतर-कक्षीय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2023-24 का शुभारम्भ जोश, उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मुख्य अतिथि राम किशोर ध्यानी तहसीलदार रुद्रप्रयाग, विशिष्ट अतिथि निर्मला पंत जिला क्रीड़ा अधिकारी रुद्रप्रयाग, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दलीप सिंह बिष्ट एवं महाविद्यालय के क्रीड़ा प्रभारी डॉ. जितेन्द्र सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया।

उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि ने कहा कि खिलाड़ियों की सोच का सकारात्मक होना बहुत जरूरी है। ऐसा करने से दिन प्रतिदिन बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिलती है। विशिष्ट अतिथि ने कहा कि खेल के माध्यम से हम एक स्वस्थ समाज व राष्ट्र का निर्माण कर सकते हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि खेल को अपनाते हुए हम युवा वर्ग को नशे से दूर ले जा सकते हैं, खेल के माध्यम से हम खिलाड़ी के अच्छे चरित्र का निर्माण कर सकते हैं अच्छा चरित्रवान खिलाड़ी एक अच्छे राष्ट्र के निर्माण में अपनी सहभागिता निभाता है। इस अवसर पर महाविद्यालय के क्रीड़ा प्रभारी डॉ. जितेंद्र सिंह ने सभी खिलाड़ियों को शपथ दिलाई कि ''हम शपथ ग्रहण करते हैं कि वार्षिक अंतर-कक्षीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में पूर्ण शालीनता के साथ क्रीडा के सभी अधिकृत नियमों का पालन करते हुए महाविद्यालय के सम्मान एवं गौरवार्थ भाग लेंगे। छात्र संघ अध्यक्ष नितिन नेगी ने अपनी उद्बोधन में कहा कि छात्र-छात्राओं को इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए।

कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय की समारोहक डॉ. मनीषा सिंह द्वारा किया गया। बैडमिंटन प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में एकल बालिका वर्ग में रीना विजेता एवं मीनाक्षी उपविजेता रही, एकल बालक वर्ग में हिमांक विजेता एवं रोहित उप विजेता रहे। युगल बालिका वर्ग में निधि-ऐश्वर्या विजेता एवं रीना-पूनम उप विजेता रहे। युगल बालक वर्ग में रोहित-हिमांशु विजेता तथा रितेश-नवीन कोठियाल उपविजेता रहे। टेबल टेनिस प्रतियोगिता के छात्र एकल वर्ग में हिमांशु विजेता एवं विष्णु दत्त सेमवाल उपविजेता रहे।

छात्रा एकल वर्ग में मेघा विजेता एवं निकिता उप विजेता रही। छात्रा युगल वर्ग में करिश्मा एवं प्रियांशी विजेता तथा सोनिया एवं निकिता उप विजेता रही। छात्र युगल वर्ग में अभिषेक सिंह एवं सुनील सिंह विजेता तथा विष्णु दत्त सेमवाल एवं सौरभ जमलोकी उप विजेता रहे। कैरम प्रतियोगिता के एकल बालक वर्ग में नवीन कोठियाल विजेता एवं गौरव रजवार उप विजेता रहे। छात्रा एकल वर्ग में हिमानी विजेता एवं शैलजा नेगी उपविजेता रही।

# चमोली में विशेष मतदाता शिविर आयोजित कर स्वीप ने ढाई सौ नए मतदाताओं का किया पंजीकरण






चमोली। चमोली जनपद में स्वीप अभियान के तहत संचालित विशेष मतदाता शिविर के तहत ढाई सौ नए मतदाताओं का पंजीकरण करवाया गया है। शनिवार को जनपद के राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय तलवाड़ी, आईटीआई कर्णप्रयाग, तपोवन, गोपेश्वर और गौचर में विशेष मतदात शिविरों का आयोजन किया गया। स्वीप की ओर से जागरुकता अभियान के तहत गोपेश्वर नगर में लोनिवि, उद्यान विभाग, अलकनंदा वन प्रभाग के साथ ही जिलाधिकारी कार्यालय के अधिकारी कर्मचारियों को मतदाता शपथ दिलाई गई। जबकि सिमली और कालेश्वर औद्योगिक अस्थान में कार्यक्रम आयोजित कर मतदाताओं को शत–प्रतिशत मतदान के लिये जागरूक किया गया। राजकीय प्रौद्योगिकी संस्थान गोपेश्वर में डिजिटल पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित कर युवा मतदाताओं को मतदाता शपथ दिलाई गई।

जनपद में संचालित दिव्यांग एवं वृद्ध मतदाता जागरूकता रथ गोपेश्वर से चमोली, नन्दप्रयाग, कर्णप्रयाग, सिमली, आदिबद्री, खेती, मालसी, दिवालीखाल, गैरसैंण, मेहलचौरी, पांडवाखाल में कार्यक्रम आयोजित कर ग्रामीण मतदाताओं को सक्षम एप की जानकारी दी गई। साथ ही चमोली के तलवाड़ी, थराली व देवाल में विभिन्न कला मंचों के कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से शत प्रतिशत मतदान के लिये प्रेरित किया।

इस मौके पर डा. ललित जोशी, राजेंद्र प्रसाद सती, अनूप खंडूरी, विक्रम कुंवर, संजीव बुटोला आदि मौजूद थे।

**जयन्त**
**संस्थापक**
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469 / 79
फोन / फैक्स 01382—222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail:
nagendra.uniyal@gmail.com